संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-100 शनिवार, 10 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# नरसिम्हा राव,चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन को भारत रत्न

## मोदी ने जानकारी दी...चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने लिखा- दिल जीत लिया

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024(ए)।** केंद्र सरकार ने पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों शख्सियतों को देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान देने की जानकारी सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों के साथ शेयर की।

चौधरी चरण सिंह देश के पांचवें और नरसिम्हा राव नौवें प्रधानमंत्री थे। वहीं कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। पीएम की घोषणा पर चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी ने लिखा-दिल जीत लिया।

2014 में सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह दसवां भारत रत्न है। इससे पहले 3 फरवरी को भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और 23 जनवरी को बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने का ऐलान किया गया।

इस तरह इस साल 5 हस्तियों को यह सम्मान देने का ऐलान हो चुका है। इनके अलावा मोदी के कार्यकाल में मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी,भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है। आज की तीन हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को हासिल करने वालों में अब तक कुल 53 लोग शामिल हो चुके हैं।

**चौधरी चरण सिंह**

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

**पीवी नरसिम्हा राव**

मोदी ने लिखा- प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

इसके अलावा, भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में उनका योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है, जिन्होंने न केवल महत्वपूर्ण परिवर्तनों के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाया बल्कि इसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी समृद्ध किया।

**डॉ. एमएस स्वामीनाथन**

मोदी ने लिखा- यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है।

उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। हम एक अन्वेषक और संरक्षक के रूप में और कई छात्रों के बीच सीखने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाले उनके अमूल्य काम को भी पहचानते हैं।

डॉ. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं करीब से जानता था और मैं हमेशा उनकी अंतर्दृष्टि और इनपुट को महत्व देता था।

## संक्षिप्त खबरें

### कोल इंडिया लिमिटेड में निदेशक बनें मुकेश अग्रवाल

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024 (ए)।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने



मुकेश अग्रवाल को निदेशक (वित्त) के पद पर नियुक्त किया है।सीआईएल ने कहा कि अग्रवाल ने निदेशक (कारोबार विकास) देबाशीष नंदा से अपना कार्यभार संभाला। नंदा के पास निदेशक (वित्त) की अतिरिक्त जिम्मेदारी थी।सीआईएल ने कहा, अग्रवाल ने आठ फरवरी 2024 को निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार संभाल लिया।

### पत्रकारों से सोर्स पूछने का हक नहीं है



**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024(ए)।** देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर जमकर निशाना साधा और चेतवानी भी दी। चीफ़ जस्टिस न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूर्ण सिंह की बेंच ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 19 और 22 के तहत पत्रकारों के मूल अधिकारों की स्वतंत्रता के खिलाफ पुलिस किसी भी पत्रकार के सोर्स नही पूछ सकती है और न ही न्यायालय,तब तक जब तक कि पत्रकारों के खिलाफ बिना जांच और पुख्ता सबूत के दर्ज मुकदमे और गवाही की जांच नही हो जाती है।

आज कल देखा जा रहा है कि पुलिस पत्रकारों की स्वतंत्रता हनन कर रही है क्योंकि अधिकतर मामले में पुलिस खुद को श्रेष्ठ बनाने के लिए ऐसा करती है जिस संबंध में उच्च न्यायालय ने अपना कड़ा रुख दिखाते हुए कहा है कि अगर पुलिस ऐसा करती पाई जाती है तो फिर कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है।

## जुमे की नमाज के बाद बवाल,माहौल बिगाड़ने का प्रयास,पुलिस ने संभाला मोर्चा

**बरेली,09 फरवरी 2024 (ए)।** बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बवाल हो गया। मौलाना तौकीर रजा के बुलावे पर इस्लामिया ग्राउंड में पहुंची भीड़ ने लौटते समय अचानक से हंगामा शुरू कर दिया। नारेबाजी के बाद भीड़ ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान उपद्रवियों ने दो युवकों को पकड़कर बुरी तरह से पीट दिया। इसके बाद एक बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बवाल देखकर पुलिस ने मोर्चा संभाला और बेकाबू भीड़ को किसी तरह से काबू में किया। हालांकि स्थिति अब नियंत्रण में बताई जा रही है।ज्ञानवापी मामले मे कोर्ट से फैसला आने के बाद से नाराज आईएमएसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने जुमे की नमाज के बाद जेल भरो आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया था। मौलाना की गिरफ्तारी के समर्थन में सैकड़ों की तादाद में लोग शहर के इस्लामिया ग्राउंड में एकत्रित हुए थे। जानकारी के अनुसार नमाज के बाद पुलिस ने मौलाना को उनके घर भेज दिया। मौलाना के घर जाने की सूचना पर भीड़ भी इस्लामिया ग्राउंड से वापस



निकली। भीड़ जैसे ही श्यामगंज इलाके में पहुंची तो जमकर बवाल शुरू हो गया। मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के सामने बाइक सवार दो युवकों कमल शर्मा और समीर सागर से अराजकतत्वों ने मारपीट की, उनकी बाइक को तोड़ डाला। इसके बाद वहां पत्थरबाजी शुरू कर दी। पथराव और बाइक में तोड़फोड़ से अफरा-तफरी मच गई। बवाल की सूचना पर श्यामगंज चौराहे पर मौजूद पुलिस फोर्स ने मोर्चा संभाला। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले।ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर विरोध कर रहे आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बिहारीपुर पुलिस के चौकी के पास गिरफ्तारी दी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें तत्काल रिहा कर दिया। रिहा होने के बाद मौलाना अपने आवास की ओर चले गए। वहीं समर्थकों की भीड़ को पुलिस घर भेजने में जुटी रही। बता दें कि ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर नाराज मौलाना ने जेल भरो आंदोलन शुरू किया था। शुक्रवार दोपहर जीआईसी ऑडिटोरियम के सामने मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद गिरफ्तारी देने निकले। उन्हें इस्लामिया मैदान जाने से रोका गया। इसपर मौलाना के साथ चल रही भारी भीड़ ने नारेबाजी शुरू कर दी। आईएमसी प्रवक्ता के अनुसार बिहारीपुर पुलिस चौकी के पास मौलाना तौकीर ने गिरफ्तारी दी। इस दौरान पुलिस के साथ मौलाना और समर्थकों की तीखी झड़प भी हुई। उन्होंने पुलिस पर कार्यकर्ताओं के साथ धक्का मुक्की करने का आरोप भी लगाया।

## लालू के रडार से राजद के 12 विधायक बाहर

### फ्लोर टेस्ट से पहले आरजेडी में ही खेला

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024(ए)।** बिहार विधानसभा में शक्ति परीक्षण से दो दिन पहले राजद के लगभग 12 विधायक लालू प्रसाद के रडार से बाहर हैं। उनकी खोज-खबर ली जा रही है। फोन मिलाया जा रहा है। जिनके बारे में अता-पता नहीं चल रहा है, उनके नजदीकियों के पास विशेष दूत भेजकर जानने का प्रयास किया जा रहा है कि वे कहां हैं और सतत संपर्क में रहने से कन्नी क्यों काट रहे हैं।

विधायकों का राजद से मोहभंग

सूचना है कि अबतक लगभग एक दर्जन विधायकों से लालू का संपर्क नहीं हो पा रहा है। जो विधायक संपर्क में भी हैं, उनके बारे में भी संशय कम नहीं हो पा रहा है। लालू की पहुंच से दूर रहने वाले विधायक माय (मुस्लिम-यादव) समीकरण से अलग हैं। हालांकि राजद पहले से ही मानकर चल रहा कि उसके दो विधायक आनंद मोहन के पुत्र चेतन आनंद और मोकामा की नीलम देवी का खेमा बदल चुका है। दोनों का राजद से मोहभंग हो चुका है। किंतु ताजा परेशानी लगभग दस अन्य विधायकों के कन्नी काटने से जुड़ी है।

**बिहार में हो सकता है बड़ा खेला**

सूत्रों का दावा है कि राजद के एक पूर्व मंत्री के आवास पर तीन-चार दिन पहले गुप्त बैठक हुई थी, जिसमें राजद में रहकर क्या खोया और क्या पाया के आधार पर आत्म-विश्लेषण किया गया



था। इस बैठक का निष्कर्ष अन्य विकल्पों पर विचार करने का भी था। सूत्र का यह भी दावा है कि राजद के विपरीत दिशा में चलने का रास्ता यहीं से निकला। तेजस्वी यादव स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के लिए शक्ति परीक्षण के दिन जिस खेला होने की बात कर रहे हैं, बहुत संभव है कि वह स्वयं ही उससे प्रभावित हो जाएं और जरूरत के वक्त उनके कुछ विधायक सदन में अनुपस्थित रहें।

**कांग्रेस विधायकों के टूटने का डर**

राजद-कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा के साथ बनी बिहार की नई सरकार की विधानसभा में 12 फरवरी को परीक्षा है। इसी दिन विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होगी, जिससे साफ हो जाएगा कि किसके पक्ष में कितने विधायक हैं। अबतक कांग्रेस विधायकों के सबसे ज्यादा टूटने का डर था। यही कारण है कि 19 में से उसके 16 विधायकों को करीब हफ्ते भर से बिहार से बाहर हैदराबाद के रिसार्ट में रखा गया है, जहां कांग्रेस की सरकार है। भाजपा-जदयू की तरफ से भी एहतियात बरता जा रहा है। विधायकों पर नजर रखी जा रही है।


**अनहोनी पर भरपाई की व्यवस्था**

दरअसल कुछ दिन पहले राजद नेता तेजस्वी यादव के दिए गए उस बयान का मतलब निकाला जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। तेजस्वी का संकेत सदन में नीतीश कुमार की नई सरकार को बहुमत साबित करने के लिए आवश्यक संख्या से है। बिहार में बहुमत साबित करने के लिए कम से कम 122 विधायक चाहिए। सत्ता पक्ष के पास अभी 128 विधायक हैं।

अनुपस्थित रहकर सत्ता पक्ष को मदद चार चार विधायकों वाली पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को विश्वसनीय नहीं माना जा रहा है। पार्टी प्रमुख जीतनराम मांझी ने पहले ही यह बताकर सत्तापक्ष को सशंकित कर दिया है कि लालू प्रसाद की तरफ से उन्हें सीएम पद का ऑफर दिया गया था। यदि उन्होंने निष्ठा बदल ली और सत्ता पक्ष में कोई %अनहोनी% हो गई तो भरपाई के लिए राजद के असंतुष्ट विधायकों का सहारा चाहिए। ऐसे में राजद के कुछ विधायक अनुपस्थित रहकर सत्ता पक्ष को मदद पहुंचा सकते हैं।

## 97 करोड़ लोग वोटिंग करने के पात्र

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024(ए)।** देश में आने वाला लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे ज्यादा मतदाताओं की हिस्सेदारी वाला चुनाव का रिकॉर्ड बनाएगा. निर्वाचन आयोग के मुताबिक इस लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का नतीजा बताता है कि छह फीसदी नए वोटर्स जुड़े हैं। इनमे महिलाओं की हिस्सेदारी ज्यादा है. देश की कुल आबादी का 66.76 फीसदी युवा हैं यानी वोट देने वाले बालिग लोग हैं।




आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 18 से 29 साल उम्रवर्ग में दो करोड़ नए मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। देश में कुल मतदाताओं का ग्राफ 96.88 करोड़ तक पहुंचा है जो 2019 के आम चुनाव के बाद से छह फीसदी इजाफे की तस्दीक करता है. स्पेशल समरी रिवीजन यानी मतदाता सूची का सामयिक पुनरीक्षण 2024 के तहत महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बाजी मारी है.। 2024 के मुताबिक 2.63 करोड़ नए मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है. उनमें से 1.41 करोड़ महिला मतदाता हैं। जबकि इनमें पुरुष मतदाताओं की हिस्सेदारी सिर्फ 1.22 करोड़ ही है. वोटर्स का लैंगिक अनुपात भी 2023 में 940 था, जो इस साल 2024 में 948 हो गया है. यानी हजार पुरुषों के मुकाबले 948 महिला वोटर हैं।

2019 में ये लैंगिक अनुपात 928 था. दिव्यांगों की भागीदारी 88.35 लाख हुई है। आयोग ने घर घर जाकर आंकड़े जुटाने के बाद एक करोड़ 65 लाख 76 हजार 654 मतदाताओं के नाम या तो सूची से हटाए गए हैं या फिर शिफ्ट किए गए हैं। 8 फरवरी 2024 तक देश ने कुल 96.88 लाख 21 हजार 926 वोटर हैं। इनमे 49 करोड़ 72 लाख 31 हजार 994 पुरुष हैं. महिलाओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख 41 हजार 888 है। जबकि 48,044 तीसरे लिंग वर्ग के मतदाता हैं. 88 लाख 35 हजार 449 दिव्यांग हैं।

आयोग के मुताबिक 80 साल से ऊपर उम्र के 1 करोड़ 85 लाख 92 हजार 918 मतदाता हैं। सौ साल से ऊपर की उम्र वाले भी दो लाख 38 हजार 791 लोग हैं।

### राहुल गांधी का मोदी जी के बारे बयान भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण : के. लक्ष्मण

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024 (ए)।** राहुल गांधी का ताजा आरोप



कि मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद घांची तेली जाति को ओबीसी सूची में शामिल करना सुनिश्चित किया, एक सफ़ेद झूठ है। यह बात भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय बोर्ड एवं राज्य सभा सांसद डा. के. लक्ष्मण ने प्रेस को जारी एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि तथ्य यह है कि ओबीसी सूची में कई अन्य समुदायों के साथ, इस समुदाय का इतिहास 20 साल से भी अधिक पुराना है।

## वोट रिकार्ड होने की पुष्टि की मांग पर सुप्रीमकोर्ट मार्च में करेगा सुनवाई

**कोर्ट ने कहा...ईवीएम को लेकर कितनी याचिकाएं होंगी दाखिल**

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट वोट दर्ज होने की पुष्टि कराने की मांग वाली याचिका पर मार्च में सुनवाई करेगा। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने याचिका दाखिल कर मतदाता को वोट दर्ज होने की पुष्टि कराए जाने की मांग की है। शुक्रवार को यह मामला सुनवाई पर लगा था लेकिन कोर्ट के पास समय कम होने के कारण मामले पर सुनवाई मार्च तक टल गई।

**कब होगी मामले की सुनवाई ?**

शुक्रवार को जब न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एडीआर की याचिका सुनवाई पर आयी तो वकील प्रशांत भूषण ने केस को महत्वपूर्ण बताते हुए जल्दी सुनवाई की मांग की। उनका कहना था कि ईवीएम की चिप में प्रोग्रामिंग हो सकती है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी उनसे सहमति जताते हुए केस पर तत्काल सुनवाई की जरूरत बताई लेकिन पीठ ने कहा कि आज मामले पर सुनवाई हो




पाना संभव नहीं है वह मामले को 18 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई के लिए लगाने का आदेश दे रहे हैं।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी में यह भी कहा कि ईवीएम को लेकर आखिर कितनी याचिकाएं दाखिल होंगी। हर बार एक नया संदेह जताते हुए याचिका दाखिल कर दी जाती है। मौजूदा याचिका में कहा गया है कि ईवीएम से वोट डालते समय वीवीपैट पर्ची निकलती है, जिससे मतदाता को पता चलता है कि उसने किसको वोट दिया है लेकिन इससे यह पुष्ट नहीं होता कि उसका वोट दर्ज हो गया है।

## कंडम वाहन में आग लगने से मासूम जिंदा जला

**छिंदवाड़ा,09 फरवरी 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां 3 साल के मासूम की जिंदा जलकर मौत हो गई। दरअसल शुक्रवार को मासूम घर के बाहर खड़ी गाड़ी में बैठकर खेल रहा था। इस दौरान गाड़ी में आग लग गई जिसमें बच्चे की मौत हो गई। बताया रहा है कि घटना के दौरान गाड़ी के आसपास परिवार का कोई सदस्य नहीं था। हालांकि आग लगने की खबर सुनकर सब बाहर दौड़े और आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि जो गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी, उसमें ना तो इंजन था, ना ही पेट्रोल और ना ही डीजल। ऐसे में हर कोई ये सोचकर हैरान है कि आखिर इस हालत में खड़ी गाड़ी आग लगी कैसे? पुलिस मामले की गंभीरता के साथ जांच कर रही है।

बच्चे का नाम अभिषेक बताया जा रहा है।



पडोसी और आसपास के लोगों ने देखा की गाड़ी जल रही है तो तत्काल आप पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। मौके पर आसपास के लोगों ने मासूम को गाड़ी से बाहर निकाला और अमरवाड़ा अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने पहुंचकर मर्ग कायम कर मासूम बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का रो रो का बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में पुलिस ने बताया की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी,लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी, पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक बच्चे की लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल एंबुलेंस से पहुंचाया है। मामले में जांच की जा रही है कि आग कैसे लगी। फिलहाल तो अभी वजह अज्ञात है लेकिन जल्द ही सीसीटीवी फुटेज देखे जायेंगे उसके बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा।

## सैलून में ताबड़तोड़ फायरिंग,2 युवकों की मौत




**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली के नजफगढ़ में उस समय हड़कंप मच गया जब एक सैलून में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस फायरिंग में गोली लगने से दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गोली लगकर घायल हुए दोनों युवकों अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक नजफगढ़ थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें फोन करने वाले ने बताया कि इंद्रा पार्क, पिलर नंबर 80 स्थित एक सैलून में 1 लड़के को गोली मार दी गई है। इसके अलावा मोहन गार्डन पुलिस थाने में जानकारी मिली कि गोली से घायल हुए दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि सोनू और आशीष नाम के दो लड़कों को गोली मारी गई है, जिनकी अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनके परिजनों को जानकारी दी गई है। वहीं मामले की जांच के लिए एफएसएल टीमों को लगाया गया है।

## संपादकीय

### भारत की सीमित अमीरी में असीमित गरीबी की मिलावट

नीति आयोग के आंकड़ों के आधार पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करते हुए दावा किया कि सरकार की रणनीतिक कार्रवाई, नवाचार, स्थिरता और समावेशिता के जरिए पिछले 9 वर्षों में भारत में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दुष्चक्र से बाहर आ गए हैं। संसद सत्र शुरु होते समय महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी इसे प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। नीति आयोग के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकल गए। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान में गरीबों की संख्या तेजी से घट रही है। गरीबी बढ़ने की रफ्तार 47 से घटकर अब 44 रह गई है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया है कि देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसे बुनियादी जरूरतों के लिए जूझ रहा है। राजनीतिक व्यवस्था कोई भी हो उसका लक्ष्य अपने नागरिकों की भलाई सुनिश्चित करना होता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि उदारीकरण के बाद विकास की प्रक्रिया में तेजी आने से गरीबों की तादाद लगातार कम होती रही है। लेकिन जनवरी 2023 में आई ऑक्सफैम की रिपोर्ट कुछ और ही हकीकत बयां कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक इस समय पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा गरीब भारत में है जिनमें लगभग 23 करोड़ लोग तो असहनीय गरीबी में जी रहे हैं, जबकि इस बीच में अरबपतियों की संख्या में 63 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक साथ गरीबी बढने और अमीरों की संख्या भी बढ़ने का यह विषम अनुपात क्या अचरज की बात नहीं है? विश्व बैंक की पॉवर्टी एंड शेयर्ड प्रोस्पेरिटी-2022 रपट के मुताबिक बीते 2 वर्षों में देश के लगभग 6 करोड़ लोग निम्न मध्य वर्ग की हैसियत से फिसल कर गरीबी रेखा के नीचे पहुंच गए हैं। दुनिया भर में जो गरीबों की कुल संख्या 7.1 करोड़ बढ़ी है, उनमें से 80 प्रतिशत तो अकेले भारत के हैं। भारत की विषमता पूर्ण अर्थव्यवस्था का आंकलन करने वाली विश्व असमानता रिपोर्ट के मुताबिक देश के कमजोर, वंचित परिवारों की नई पीढ़ी का भविष्य अधिक असुरक्षित होता जा रहा है। राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत हिस्सा 10 प्रतिशत बड़े लोग हजम कर रहे हैं।

कुपोषित बच्चों के मामले में भारत दुनिया में निचले पायदान पर है,और एक तरह से अत्यंत गरीब अफ्रीकी देशों के साथ होड़ कर रहा है। वैश्विक भूख सूचकांक के मुताबिक कम वजन के बच्चों के मामले में भारत की गिनती बहुत निचले स्थान पर है। यहां भी यह सवाल खड़ा होता है कि सरकारी आंकड़ों को सही मानें तो एक तरफ जहां सरकारी आंकड़ों में गरीबों की संख्या घट रही है वहीं दूसरी तरफ कुपोषित बच्चों की संख्या कैसे बढ़ रही है? इसी तरह अगर भारत में बेरोजगारी के पिछले 10 वर्षों के आंकड़ों पर गौर करें तो इसे दूर करने संबंधी प्रयास निराशाजनक ही नजर आते हैं। स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2019 के बाद से सरकारी संगठनों और नियमित मान्य वेतन की नौकरियों का सृजन बहुत धीमी गति से हुआ है। नेशनल इंस्टीट्यूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में प्रतिवर्ष 50 लाख युवा उच्च शिक्षा की ओर रुख करते हैं जिनकी उम्र लगभग 19-20 वर्ष होती है। ये युवा अपनी स्नातक की पढ़ाई लगभग 24 वर्ष की उम्र तक पूरी कर लेते हैं। जबकि भारत में 25 वर्ष से कम उम्र के स्नातक स्तर पर 42 प्रतिशत और परा स्नातक स्तर पर 23 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी तथा ब्लूमबर्ग के नवीनतम अध्ययन में देश में कुल बेरोजगारी दर 7.95 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई गई है। मालूम हो कि वर्ष 2014 में बेरोजगारी की दर 5.44 प्रतिशत थी जो 2020 में 8 प्रतिशत और वर्ष 2023 में 10.01 प्रतिशत तक पहुंच गई। श्रम बल की भागीदारी लगभग 46त्न है यानी कुल कामकाजी आयु वर्ग के प्रत्येक सौ भारतीयों में से 54 तो श्रम बल में भागीदार ही नहीं है। वर्ष 2018-19 में नियमित वेतन भोगी कर्मचारियों का हिस्सा 24 प्रतिशत था जो वर्तमान में अब घटकर 20 प्रतिशत रह गया है।

हालांकि आंकड़ों को लेकर हमारे देश में हमेशा विमर्श होता रहा है। कई बार तो ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं झोल है। लेकिन इन आंकड़ों को बारीकी से देखें तो पता चलता है कि सब नापने के तरीकों का मामला है। गरीबी नापने के तरीके समय-समय पर बदलते रहते हैं। याद कीजिए, नए आर्थिक सुधारों के शिल्पकार नरसिंह राव के प्रधानमंत्री के दौर को, जब योजना आयोग ने गरीबी के आंकलन को एकदम घटा दिया था। उस दौर में गरीबों की तादाद 37 प्रतिशत से घटाकर 19 प्रतिशत घोषित की गई थी। फिर सवाल उठता है कि नापने के तरीकों में हेर फेर करके गरीबों की संख्या को क्यों और कैसे कम दिखाया जा सकता है? पिछले 30 वर्षों में देश में गरीबी रेखा को परिभाषित करने को लेकर कई सारे आंकलनों से हम गुजरे हैं। कुछ साल पहले तेंदुलकर कमेटी ने बताया कि भारत की 37त्न आबादी गरीबी में जी रही है। इसके पहले अर्जुन सेन गुप्ता कमेटी ने बताया था कि भारत की 77 प्रतिशत आबादी प्रतिदिन ₹20 से अधिक खर्च नहीं कर पाती। सरकार द्वारा ही गठित एनसी सक्सेना कमेटी ने बताया कि गरीबों की तादाद 50 प्रतिशत है।

# राजस्थान के बजट में दिखा मोदी विजन



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

राजस्थान में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए भाजपा सरकार के पहले लेखा अनुदान (अंतरिम बजट) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन परिलक्षित हुआ है। यह बजट पूरी तरह से आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर लोक लुभावना बनाया गया है। हालांकि अंतरिम बजट होने के कारण इसमें अधिक घोषणायें नहीं की गई है। फिर भी बजट में ऐसी अन्य को बातों को शामिल किया गया है जिसका असर सीधे आम लोगों पर पड़ता है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कई गारंटी दी थी। प्रधानमंत्री मोदी की बहुत सी गारंटीयों को इस बजट में शामिल किया गया है। अनुभव के हिसाब से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्तमंत्री के रूप में पहला बजट पेश किया था। मगर जिस तरह से उन्होंने बजट भाषण पढ़ा उसमें पूरा आत्मविश्वास झलक रहा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का यह पहला बजट था। इस कारण सरकार को चुनाव के दौरान किए गए लोक लुभावने वायदों को बजट में शामिल किया जाना बहुत जरूरी था।

उसी को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने बजट में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं, किसानों, व्यापारियों, धर्माचार्य को खुश करने के लिए बजट में कई तरह के प्रावधान किए हैं। प्रदेश में बुजुर्गों को अभी तक रोडवेज की बसों में 30 प्रतिशत किराए में छूट मिलती थी जिसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा मासिक पेंशन को एक हजार रूपये से बढ़कर 1150 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने बजट में 70 हजार युवाओं को नई नौकरी देने की घोषणा की है। इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा भर्ती कैलेंडर भी बनाने की बात कही गई है। राजस्थान में पिछली अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सबसे बड़ा मुद्दा भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली को लेकर था। गहलोत सरकार के कार्यकाल में 18 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा था। बाद में प्रशासनिक परीक्षाओं में भी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के परिजनों के चयन को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते आम जन में गहलोत सरकार की नकारात्मक छवि बनी थी। इस बात को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार ने अपने पहले ही बजट में युवाओं को लुभाने के लिए एक साथ 70 हजार नयी भर्तियों की घोषणा की है। हालांकि भाजपा ने चुनाव से पहले राजस्थान लोक सेवा आयोग में आमूल चूल परिवर्तन करने की बात भी कही थी। मगर उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। भाजपा को पता है कि प्रदेश के युवा मतदाताओं की बदौलत ही उनकी सरकार बन पाई है। ऐसे में उन्हें अपने साथ जोड़े रखना बहुत जरूरी है।

संविदा पर काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिन, सहायिकाओं के साथ ही अन्य संविदा कर्मियों तथा पंचायती राज व नगरीय निकायों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों



को मिलने वाले मासिक भत्ते में भी 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। प्रदेश में इसका बड़ा असर होगा तथा कई लाख लोगों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल पाएगा। अपने बजट भाषण के दौरान जब कांग्रेस नेता शांति धारीवाल बार-बार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को टोक रहे थे तो उन्होंने धारीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ मर्दों का प्रदेश नहीं है। यहां पर महिलाएं भी बराबर की संख्या में है। उनके पास भी वोट की शक्ति है। इसी के चलते राज्य सरकार ने अपने अंतरिम बजट में महिलाओं के हित की कई योजनाओं की घोषणा कर उन पर पूरा फोकस रखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक करोड़ नई लखपति दीदी बनाने की घोषणा की थी उसी की तर्ज पर राजस्थान के बजट में भी 5 लाख परिवार की महिलाओं को लखपति दीदी योजना में शामिल कर उनकी आय को एक लाख से अधिक बढ़ाया जाएगा। गरीब परिवारों में कन्या के जन्म पर एक लाख रूपये का सेविंग बांड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में प्रथम प्रसव पर 6 हजार रूपये दिए जाएंगे। जबकि अभी तक यह राशि पांच हजार थी। प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक-एक आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में महिलाओं के लिए हेल्प डेस्क बनेगी। सभी नारी निकेतनो में सीसीटीवी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे। किसानों के लिए भी बजट में कई घोषणाएं की गई है। पीएम किसान निधि में मिल रहे 6000 की राशि को बढ़ाकर 8000 रूपये प्रतिवर्ष किया गया है। इस तरह हर किसान को साल में 2000 रूपये का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसे आगे बढ़कर 12000 रूपये तक किया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे चालू वर्ष में 5 लाख गोपालक परिवारों को एक लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाया जाएगा। करीबन 33 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। अल्पआय, लघु सीमांत ,बटाईदार किसानों, खेती और श्रमिकों के बच्चों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। हालांकि सरकारी स्कूलों में आठवीं तक पढ़ाई और 12वीं तक किताबें पहले से फ्री दी जा रही है। 9वीं से 12वीं तक आंशिक फीस ही ली जा रही है।

मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का नाम बदलकर अब मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना किया गया है। जिसमें कैंसर का डे केयर इलाज को भी शामिल किया गया है। हाईवे पर हादसों में जान बचाने के लिए 25 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सूर्योदय योजना की घोषणा की थी। जिसके अंतर्गत राजस्थान के 5 लाख घरों पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। जिससे उन परिवारों के लोगों को 300 यूनिट तक प्रतिमा बिजली निःशुल्क मिल सकेगी। प्रदेश में मन्दिरों के उन्नयन पर 320 करोड़ रूपये खर्च किये जाने का प्रावधान किया गया है। इससे विभिन्न धर्माचार्यों का सरकार को समर्थन मिलेगा।हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में प्रदेश में पेट्रोल, डीजल की अधिक कीमतों का विरोध करते हुए भाजपा सरकार बनने पर उन्हें कम करने का वायदा किया था। मगर राज्य सरकार के बजट में उस पर कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि प्रदेश के लोगों को अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में आज भी महंगी दरों पर पेट्रोल, डीजल खरीदना पड़ रहा है। इससे लोगों के मन में निराशा व्याप्त हुई है। प्रदेश के लोगों का कहना है कि राज्य सरकार को पेट्रोल, डीजल की कीमतों में अविलम्ब कमी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करना चाहिए। जिससे आमजन को राहत मिल सकें। हालांकि सरकार ने चीनी व गुड़ से मंडी टैक्स हटाकर महंगाई कम करने का प्रयास किया है। इससे व्यापारिक वर्ग की एक पुरानी मांग पूरी हुयी है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्षी खेमे में काफी बेचैनी दिखाई दे रही है

प्रधानमंत्री मोदी ने गत 5 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फ़ैसले होंगे। बीती 2 फरवरी को 'इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया। जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की बात की तो लोग लगातार तालियां बजाने लगे। इसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है।

26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उदघाटन के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि, मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा,ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है।

बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट से न केवल सरकार का आत्मविश्वास झलकता है कि वह अपने कार्यों के बल पर ही तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उसके संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है।विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा,तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है। पीएम मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के



जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं।

मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं था। बीमारी हर साल पुनः गरीबी के चपेट में आने का बड़ा कारण रहा है लेकिन आयुष्मान योजना ने उस दशा में परिवर्तन ला दिया। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है, मैन्यूफैक्क्रिंग के कारण रोजगार के नए नए रास्ते खुले हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्जियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन की तरफ से लिखे गए कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है। यही वजह है कि पीएम मोदी खुद इस विधानसभा चुनावों की जीत को 2024 में जीत की गारंटी बता चुके हैं। लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन इंडिया ब्लॉक भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जताता रहा हो लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है।

प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास के पीछे का कारण केवल खोखली राजनीतिक बयानबाजी नहीं है। इसके ठोस कारण हैं। पिछले दस वर्षों में जिस तरह से अलग अलग क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर हुआ है, उसने यह शक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी है। न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर भारत की उत्पादकता बढ़ी है बल्कि उसने कई क्षेत्रों में निर्यात भी शुरू किया है। अब से कुछ दशक पहले भारत हर छोटी बड़ी चीज के लिए विश्व के उन देशों का भी मुंह ताकत रहा, जो किसी न किसी तरीके से अपना हित साधने के लिए तमाम अंतरराष्ट्रीय उठापटक के लिए जिम्मेदार होते थे। मोदी सरकार की नीतियों ने ऐसे देशों की शक्ति और वर्चस्व वास्तव में कम की है और भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर विश्व पटल पर खड़ा किया है। आज विश्व के तमाम बड़े, शक्तिशाली और उन्नत देश भी भारत की बढ़ती शक्ति, वर्चस्व और प्रभाव को स्वीकार रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण' को देश का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। उन्होंने अपने कार्यों के दम पर समूचे विपक्ष को इन्हीं तीन चीजों के दायरे में समेटा है। विपक्ष को इसका उत्तर देशवासियों को देना होगा। इसके अलावा सरकार की योजनाएं हैं, करोड़ों लाभार्थी हैं, भाजपा की मशीनरी है, संसाधन है, मोदी का व्यक्तित्व है, उनकी प्रचार करने और भाषण देने की अद्भुत क्षमता है और ऐसी अनेक चीजें हैं, जो उनको आत्मविश्वास देती हैं।मोदी सरकार ने विपक्ष के सामने एक और चुनौती रखी है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही तीन राज्यों में भाजपा ने कांग्रेस को परास्त कर सरकार बनाई थी। अब सिर्फ रिपोर्ट कार्ड के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सजाए जा रहे मैदान में उतरने वाली है। विपक्षी गठबंधन का हाल देश की जनता देख ही रही है। सीटों के बंटवारे और तुच्छ स्वार्थों के लिए जिस तरह विपक्षी दल आपस में लड़ रहे हैं, उससे उनकी नीति और नीयत साफ तौर पर दिखाई देती है। विपक्षी दल जनता की सेवा करने या उसके मुद्दे उठाने की बजाय खुद को भ्रष्टाचार से बचाने की जुगत में लगे हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। जैसे-जैसे उनकी यात्रा आगे बढ़ रही है, वैसे वैसे इंडी गठबंधन में अविष्वास भी बढ़ रहा है। इंडिया गठबंधन लगभग खत्म होने की कगार पर है। विपक्ष को यह समझ नहीं आ रहा है कि वो देश के सामने किस मुद्दे को लेकर जाएं और किस मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरें। वास्तव में लोकसभा चुनाव की लड़ाई विश्वास की होगी। अब यह देशवासियों को तय करना है कि उनका भरोसा किस पर है- विकसित भारत की मोदी गारंटी पर या विपक्ष पर।

-डॉ. आशीष वशिष्ठ-

## अब तो मन को पढ़ाई में लगा

बहुत हो गया घूमना फिरना!
दोस्तों के साथ गप्पे मारना!!
समय को यूं बर्बाद मत कर !
चल परीक्षा की तैयारी कर !!
पढ़ाई के प्रति रूचि तो जगा!
अब तो मन को पढ़ाई में लगा!!
सपना तेरा जरूर सच होगा !
जग मे तेरा बड़ा नाम होगा !!
अपने सीने मे हौसला तो जगा!
अब तो मन को पढ़ाई में लगा !!
लक्ष्य लेकर निरंतर बढ़ता चल !
हर समस्या का निकलेगा हल !!
अपने सीने मे जुनून तो जगा !
अब तो मन को पढ़ाई में लगा!!
सुबह चार बजे उठ पढ़ाई कर!
अपने सपने को जरा याद कर!!
अपने सीने मे जज्बा तो जगा!
अब तो मन को पढ़ाई में लगा!!



श्याम सुंदर साहू
प्राचार्य राजिम
गरियाबंद छत्तीसगढ़

## विलंब


नित विलंब अब हो रहा,
आ जाओ भरतार।
देरी क्यों करते पिया,
छेड़ो मन के तार।।

क्षमा
क्षमा दया मन में रखो,करो सभी से प्यार।
प्रीति सुमन से ही करो,
जीवन का श्रृंगार।।

लग्न
लग्न लगी है आपकी, आप बने हो मीत।
आप हृदय की प्रेरणा,
नित्य दिलाते जीत।।

आवश्यक
आवश्यक हो काज तो, करो उसे तत्काल।
आलस करने से नहीं,
मिलती रोटी दाल।।

नमन
नमन कृष्ण को मैं करूँ,
करूँ उन्हीं से प्यार।
वो ही मेरे सारथी,देते जीवन सार।।




प्रीति चौधरी
मनोरमा
जनपद
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# कामयाबी की चाह,रिश्ते का कत्ल

सच अब कैसे कोई किसी पर विश्वास करे , यहॉं तो इतने गहरे पवित्र रिश्ते में ही विश्वास का क़त्ल कुछ इस तरह हुआ की कोई पुरुष , अरे ! विवाहित पुरुष की बात कर रही मैं । कैसे विश्वास करे की वो जिसकी कामयाबी से अपना सर बुलंद कर एक इतिहास रचाना चाहता है और वही उसके विश्वास का एसा क़त्ल करे की उसके पैरों तले जमीन ही जैसे खिसक जाए तो बताओ कौन विश्वास करेगा अब गहरे रिश्ते में और विश्वास के आधार पर कौन आजादी देगा रिश्ते के बंधन में बंधी महिलाओं अरे शादी शुदा वह महिला जिसका पति उसे विश्वास के भरोसे इतनी आज़ादी देता की वो उसके ही दी आजादी सहयोग विश्वास का ही क़त्ल कर दे ।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

बहुत भ्रम जाल से भरे हैं ना मेरे शब्द , बिल्कुल उस मकड़ जाल की तरह जिसे समझ पाना मुश्किल सा लगे । तो चलो सरल शब्दों में अपनी उस बात को समझाना चाहती हूँ , एक खबर पढ़ी , ट्विटर पर आज तारीख है 7/1/24 तो इस दिन भटक रही थी ट्विटर के गलियारे में फैली खबरों के बीच , तभी एक खबर पर मेरी नज़र जैसे ही पड़ी भटकती अपनी आंखों को एकाग्र कर टकटकी लगाकर बस पढ़ने लगी उस खबर को जिसे पढ़ते ही मन में एक ही बात आई या कह लो जो व्यंग्य आया , वो था कामयाबी की चाह , रिश्ते का क़त्ल ।

वो ख़बर संबंधित थी पंजाब के किसी शख़्स की जिसने अपनी जीवनसंगिनी की पढ़ाई के प्रति ललक देखते हुए आगे की पढ़ाई के लिए उसे कनाडा भेजा , शायद सोच ये रही होगा उस व्यक्ति कि की यदि पत्नी को पढ़ा लिखा लूंगा तो लोग मुझे शाबाशियां देंगे , की इसने इतिहास रचा अपनी पत्नी के प्रति या ये भी सोचा होगा कि पत्नी पढ़ेगी तो मेरे नाम के साथ-साथ वो अपना और परिवार का भला सोचते हुए कुछ कमा भी लेगी अपनी शिक्षा का सही प्रयोग करते हुए या आगे चल कर अपने होने वाले बच्चों के लिए एक अच्छी मार्गदर्शक बनेगी या कुछ भी सोच हो सकती है अरे पर ये क्या खबर जब पढ़ी तो मुझे सच कहूं उस इंसान के प्रति बहुत सहानुभूति का अहसास हुआ बात ही कुछ ऐसी थी जिस पत्नी को वो अपना गर्व बनाने की चाह में विश्वास कर विदेश भेजा अपनी ज़मीन तक बेचकर । उसकी उसी पत्नी को कनाडा में ही पढ़ाई के साथ-साथ किसी ओर से मोहब्बत हो गई और उसने बिना बताए उस व्यक्ति से शादी तक कर ली । अरे ये कोई बात होती है क्या ? पति ने ना जाने क्या-क्या सपने संजोए , विश्वास किया और उसके विश्वास का क़त्ल कर उसे जैसे तो जीते-जी अर्थी पर ही लेटा दिया । जब पति ने उसके ऊपर अपने हक होने की बात फोन पर की तो उसी पत्नी ने उसे कनाडा से ही फोन पर धमकी भी दे दी । अरे ! ये तो एसी बात हुई की एक चोर रंगे हाथों पकड़ने जाने पर भी अपना गुनाह कबूल कर माफ़ी मांगने के बजाय पकड़ने वाले को ही चोर करार दे रहा हो जैसे उफ्फ़ अब आप ही बताओ कोई कैसे किसी पर विश्वास करे ये तो सरासर नाइंसाफी ही है उस पुरूष के साथ ।

उस पत्नी ने एक बार तो सोचा होता कि वो उसके शिक्षा के लिए समाज के साथ-साथ अपनों से भी लड़ा होगा,परिवार में ही अपनों के खिलाफ हो अपनी पत्नी के अरमानों के आगे ढ़ाल बन खड़ा होगा । यहॉं तक की अपनी आजीविका का साधन अपनी ज़मीन तक बेच दी सिर्फ रिश्ते को ओर भी प्रगाढ़ करने और विश्वास पर खरे उतरने के लिए पर ये क्या आज वही अपनों के साथ-साथ समाज में भी हंसी का पात्र बन रहा होगा , उसके अपने उसे कोस कह रहे होंगे की हमनें तो समझाया था मत भेज पत्नी को बाहर पर तू ही नहीं माना अब भुगत अपने ही लिये जिद्द भरे फैसले को । कितनों के ताने तब सुने जब पत्नी का हित चाहा , कितनों के ताने अब सुन रहा होगा जब पत्नी से ही फरेब पाया । एक बात की ओर से विशेष ध्यान दिलवाना चाहती हूँ! जब इस तरह विश्वास का क़त्ल कोई पत्नी कर देती है तो वो तो तमाम उन महिलाओं के सपनों को भी तोड़ देती हैं जो शादी के बाद भी पढ़ना चाहती हैं । अब आप ही बताइए इस तरह की खबरों को पढ़ , सुनकर क्या कोई भी पति अपनी पत्नी के सपनों संग कांधे से कांधा मिला कर खड़े होने की कभी कोशिश करेगा । हर किसी का पति इस तरह की खबर पढ़ जैसा कि पंजाब के एक व्यक्ति के अरमानों कि अर्थी को देखकर उससे सबक पहले से ही सीख लेगा अब हर एक इंसान और वो कभी नहीं चाहेगा उसकी अपनी पत्नी आगे पढ़े और उसी के दिये बलिदानों का क़त्ल करे । खैर इस महिला ने जो भी किया पर मेरी नज़र में वो बहुत ग़लत है साथ ही देश की बहुत सी महिलाओं के शादी के बाद भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए सजाए सपनों का भी क़त्ल है । कभी किसी के बलिदानों और विश्वास का क़त्ल कर उसे दर्द-ए विरह में नहीं झोंकें ,बलिदान देने वाले हमसफ़र नहीं देते हैं धोखे ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## खुशी पाने का जरिया दौलत हो नहीं सकता

खुशी पाने का जरिया दौलत हो नहीं सकता
अक़्लमंदों,चालाकों को उल्फत हो नहीं सकता
मुंह से भला बुरा कहती रहती है गुस्से में
मां को औलाद से कभी नफ़रत हो नहीं सकता
धरती भरी है जब तक दिनदार इन्सानों से
जमीन आसमानों पर क़यामत हो नहीं सकता
चालबाजों, दगाबाजों को पहचानना सीखिए
आस्तीन में सांप रखे सलामत हो नहीं सकता
आखिरी सांस तक ईमानदारी नही छोड़ा
दोनों जहां में कभी नदामत हो नहीं सकता
वो जुबां से ज़हर उगलते रहते हैं हरदम
सब्र की चादर ओढ़ो बग़ावत हो नहीं सकता
लाखों हजारों तकसीम करके सखी बनते हैं
इल्म बांटने से बड़ा सखावत हो नहीं सकता




नूर फातिमा खातून
नूरी
कुशीनगर
उत्तर प्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# छत्तीसगढ़ बजट को लेकर भाजपा कांग्रेस ने दी अपनी प्रतिक्रिया

## महतारी बंधन योजनाः नाम बडे और दर्शन छोटे हैं : टीएस सिंहदेव



पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नये वित्तमंत्री का पहला बजट है। नकारात्मक टिप्पणी नहीं करुंगा। बजट के अनुसार आय में 22 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। जो काफी महत्वकांक्षी है। अगर लक्ष्य प्राप्त होता है तो उसका स्वागत है। मैं एक वर्ष का अवसर नये वित्त मंत्री को देना चाहूंगा। बजट घाटा 2.9 प्रतिशत है एवं लोन की राशि को सीएसडीपी के तहत 18 प्रतिशत के दायरे में रखा गया है, जो पूर्व सरकार की नितियों के अनुसार है। पंचायत विभाग को 70 प्रतिशत अधिक बजट दिया गया है जो कि स्वागतयोग्य है। स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य शिक्षा विभाग को आबंटित कुल राशि 10215 करोड़ है जो कि पिछले बजट में आबंटित राशि से तो अधिक है किंतु प्रतिशत के ऑकड़ों में यह पिछले बजट से कम है। स्वास्थ्य के मद में कुल बजट का मात्र 6.92 प्रतिशत राशि प्रावधान किया है जो कि जरुरत के मुताबिक नहीं है। करोड एवं 776 करोड की राशि का प्रावधान पिछले सरकार के कामो को आगे ले जाने का प्रयास है, किंतु अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिये बजट में मात्र 50 करोड का प्रावधान ही रखा गया है। अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिये 109 करोड़ के राशि की एकमुश्त आवश्यकता है ताकि अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पाताल को प्रारंभ किया जा सके। पिछले बजट में 4 नये मेडिकल कॉलेज के लिये भी प्रावधान किया गया था। किंतु इस बजट में उन मेडिकल कॉलेजों को कोई बजट आबंटित नहीं है। मै सरकार से अनुरोध करुंगा कि अगामी अनूपूरक बजट में अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिये शेष राशि सहित 4 घोषित मेडिकल कॉलेजों के लिये भी प्रावधान कर इन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाये बजट में अम्बिकापुर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के लिये भी एक पैसे का प्रावधान नहीं दिखता, जिसकी घोषणा पिछले सरकार के द्वारा की गयी थी। बजट में सरकारी कर्मचारियों के लिये कुछभी नहीं है।

## प्रदेश का बजट झूठ का पुलिंदा : विष्णु सिंह देव



सचिव प्रदेश युवा कांग्रेस, विष्णु सिंह देव ने कहा है कि यह बजट काफी निराशजनक है। मोदी की गारंटी के घोषणा पत्र में 2 वर्षों के भीतर एक लाख पदों की भर्ती की बात कही गई थी 500 रुपए में सिलेंडर देने की बात कही गई थी, किसानों के लिए हर ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने की बात कही गई थी, छात्रों के आवागमन के लिए डीबीटी के मध्यम से मासिक ट्रेवल अनाउंस की बात कही गई थी परंतु बजट में इन सब के लिए कोई प्रावधान नहीं है। किसान, युवाओं, बेरोजगारों ,छात्रों एवं महिलाओं को ठगने के लिए भाजपा ने बजट नहीं ठगत प्रस्तुत किया है।

## जन हितैसी बजटः जिला मंत्री संजीव सेठ



भाजपा ओबीसी मोर्चा सरगुजा जिला मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2024 को जन हितकारी बजट बताया और कहा की हाथी मानव द्वंद से बचाव के लिए रैपिड रिस्पांस टीम के लिए 20 करोड़ का प्रावधान सरगुजा संभाग के लिए सौगात है

और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए शानदार ऐतिहासिक बजट है जिसमें जनहित में मुख्य प्रावधान को माना जा रहा है।

प्रत्येक परिवारों को प्रतिवर्ष रू.10000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। 500 करोड़ का प्रावधान।

अटल श्रम शक्ति योजना के लिए 123 करोड रुपए का बजट प्रावधान।

श्रमेव जयते पोर्टल के विकास के लिए 2 करोड रुपए प्रावधान।

5 सालों में जीडीपी 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने का टारगेट, इसके लिए 10 पिलर्स का निर्धारण किया गया है।

जीडीपी में अभी भी सेवा क्षेत्रों का योगदान 31% है इसे बढ़ाने पर जोर ऑनलाइन माध्यम से सरकार के राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि करने का फोकस विभिन्न विभागों को तकनीकी समृद्ध करने के लिए 266 करोड़ का प्रावधान।

पूंजीगत व्यय में गत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत वृद्धि। 20 प्रतिशत कैपेक्स वृद्धि का लक्ष्य।

प्राकृतिक संसाधनों के लाभ का समान वितरण आमजनों के हित में।

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 5000 करोड़ से अधिक का प्रावधान ई-कोर्ट के लिए 596 पदों का सृजन अमृत मिशन योजना के लिए 796 करोड रुपए का प्रावधान

छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लिए 20 करोड़ प्रावधान।

छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए 1 करोड़ 50 लाख।

कुल मिलाकर बहुत ही अच्छा जनहितकारी बजट है।

## छत्तीसगढ़ का बजट ऐतिहासीक : आलोक दुबे



ना ही कोई नया कर और न ही टेक्स में कोई वृद्धि किया गया है। नगरीय निकाय के लिये 100 करोड़ विशेष कर स्लम एरिया के लिये 300 करोड़ इससे शहरो की स्थिती सुधरेगी,छ0ग0 आर्थिक सलाहकार का गठन स्वागत योग्य अब परीक्षार्थियों और सरकारी भर्तियों में सीबीआई जांच इससे कसावट आयेगी,भ्रष्टाचार रूकेगा। गांव-गांव घर-घर जल पहुंचाने के लिये जल जीवन मिशन के लिये बजट में 4500 करोड़ की व्यवस्था स्वागत योग्य है इससे सभी गावों में शुद्ध पेयजल मिलेगा।

## सरगुजा को मजबूत करने वाला बजट : विनोद हर्ष

राजकीय खजाना खाली होने के उपरांत भी सभी क्षेत्रों में इतनी बड़ी राशि का प्रावधान व 5 वर्षों में जीडीपी को दुगना करने का लक्ष्य मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री की प्रबंधन



दूरदर्शिता का प्रमाण है। आर्थिक विकास की दृष्टि से सरगुजा को मजबूत करने के संकल्प का बजट में विशेष उल्लेख सरगुजा वासियों के लिए सुखद निर्णय है। जिला चिकित्सालय व मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर को एम्स के स्तर की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से 50 करोड़ रुपए का प्रावधान कृषि संवर्धन की दृष्टि से कृषि यंत्री कार्यालय का प्रावधान सहित सिंचाई आधारभूत संरचना पर्यटन विद्युत सौर ऊर्जा शिक्षा व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में बजट द्वारा किए गए प्रावधान भविष्य में एक विकसित व कल्याणकारी छत्तीसगढ़ की रूपरेखा को प्रस्तुत करता है।

## छत्तीसगढ़ के नींव का पहला बजट : शुभम अग्रवाल

व्यापारी संगठन कैट के प्रदेश मंत्री,भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष व अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बजट पर कहा कि अमृतकाल के रूप में पेश किया गया इस सरकार का पहला बजट नए छत्तीसगढ़ के नींव का बजट है।बजट गरीब, युवा, महिला, किसान की समृद्धि व विकास को प्रोत्साहित करने एवं राज्य के युवाओं के लिए रोजगार व आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।बजट %मोदी की गारंटी% के तहत वादों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।राज्य की जीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य भी स्वागत योग्य है।बजट में सभी वर्गों के साथ साथ अंतिम व्यक्ति के समग्र विकास का ध्यान रखा गया है।रामलला के दर्शन से लेकर व्यक्ति हेतु बहुउपयोगी स्वास्थ्य, शिक्षा, जल, संस्कृति, सडक़, मकान व आमदनी को भी ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया है जिससे छत्तीसगढ़ नए छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते दिखाई दे रहा है।



## सभी वर्ग के लोगों को विशेष ध्यानःआकाश गुप्ता

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2024 के लिए बजट पेश किया गया इस बजट में सभी वर्ग के लोगों को विशेष ध्यान दिया गया है मैं इस बजट का स्वागत करता हूं और विष्णु देव सरकार को धन्यवाद देता हूं कि बजट में किसान, युवा, महिला, के लिए अलग से बजट में व्यवस्था किया है जो स्वागत योग है और इस बजट में किसानों के उन्नत के लिए 10000 करोड़ का बजट रखा है जो कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे बड़ा बजट है बजट में सरगुजा संभाग का विशेष ध्यान दिया गया है इसके लिए पूरे सरगुजा बाकियों की तरफ से मैं छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज को एम्स के तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की जो संभाग के नागरिकों लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा।



## छत्तीसगढ़ के जनता के साथ छलावाः नीति सिंहदेव



कांग्रेस नेत्री नीति सिंहदेव ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के जनता के साथ छलावा है। जनता जनार्दन है सब देख रही है, राम राज्य की कल्पना करने वाले लोग राम पथ गमन मार्ग के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ओडग़ी-बिहारपुर मार्ग में ग्राम बसनरा के पास रोड़ किनारे पहाड़ की चट्टान में माता सीता के हाथों का लिखा संदेश है, जिसे सीता लेखनी बोला जाता है। संरक्षण के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। वहीं पर लक्ष्मण पांव का निशान है। उसके संरक्षण के लिए भी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। युवा वर्ग के लिए भी बजट में कोई खास प्रावधान नहीं है, अम्बिकापुर में सिम्स अस्पताल स्थापना के लिए भी घोषणा नहीं हुई।

## छत्तीसगढ़ में सुशासन के सूर्योदय को चरितार्थ करता बजट : अखिलेश सोनी

छत्तीसगढ़ में सुशासन के सूर्योदय को चरितार्थ करता बजट यह है। छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई रफ्तार देगा यह छत्तीसगढ़ के लोगों के सपनों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट केवल राशियों का आवंटन नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास का एक रोड मैप है जिससे छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हो सकेगा। सोनी ने कहा छत्तीसगढ़ के विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग, बच्चों की पढ़ाई के लिए नालंदा परिसर जैसे नए 22 संस्थान, 160 आईटीआई का उन्नयन, छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थान, बस्तर विवि में नवीन शिक्षण विभाग, सूरजपुर, गरियाबंद, कोंडागांव, सुकमा , बलरामपुर में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना।



## छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नीव का पत्थर है यह बजट : विश्व विजय सिंह तोमर

विश्व विजय सिंह तोमर जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, सरगुजा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार का पहला बजट छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नीव का पत्थर साबित होगा। युवाओं के सुनहरे भविष्य को गढने की तैयारी है।



शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगार के ऊपर विशेष ध्यान दिया गया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करने वाला यह बजट होगा। सरगुजा संभाग में विभिन्न कार्यों के लिए भरपूर जगह मिली है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल को एम्स की तर्ज पर सुपर स्पेशलिटी बनाने के लिए किया गया प्रावधान स्वागत योग्य है।

## बजट में नागपुर-चिरमिरी रेलवे लाइन की राज्यांश राशि स्वीकृत




**अंबिकापुर।** केंद्रीय रेल मंत्रालय द्वारा 2018 में स्वीकृत नागपुर-चिरमिरी नई रेलवे लाइन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की अंश राशि 120.5 करोड़ को आज छत्तीसगढ़ बजट में स्वीकृत कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि से ब्रिटिश काल में स्वीकृत चिरमिरीङ्कबरवाडीह रेल लाइन का यह हिस्सा चिरमिरी से सीधे नहीं जुड़ रहा था, जिस कारण से मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी की सबसे पुरानी रेल लाइन एवं अंचल का विकास प्रभावित हो रहा था। इस रेल लाइन के जुड़ने से कोयला की समाप्ति पर उजडते चिरमिरी एवं चिरमिरी- की रेल सुविधाओं का विकास होगा एवं विकास के नए द्वार खुलेंगे। इस रेल लाइन के बनने से वर्तमान में अंबिकापुर से चलने वाली सभी ट्रेन चिरमिरी को मिल जाएगी एवं चिरमिरी से चलने वाली समस्त ट्रेन अंबिकापुर के यात्रियों के लिए फायदेमंद होगी। चिरमिरी-अनूपपुर, चिरमिरी-रीवा, चिरमिरी-बिलासपुर, चिरमिरी-कटनी, चिरमिरी-चंदिया ट्रेन भी इस लाइन के बन जाने से अंबिकापुर से संचालित की जा सकेगी।

भविष्य में यह रेल लाइन अंबिकापुर/ बरवाडीह की नई रेल लाइन से जुड़कर मुंबई-कोलकाता की सबसे कम दूरी की रेल लाइन बनेगी। जिसका फायदा भविष्य में इस अंचल के व्यापार एवं विकास को मिलेगा। इस रेल लाइन को बजट में स्वीकृति मिलने पर नगर के प्रबुद्धजनों और व्यापारी वर्ग ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाइयां दी है।

## प्रदेश की जनता के विश्वास को पूर्ण करने वाला बजट : राजेश अग्रवाल



विधान सभा अंबिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार की बजट को छत्तीसगढ़ के चौमुखी विकास के लिए बेहतर बजट कहा है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सभी पहलु को शामिल किया गया है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी, पेयजल अधोसंरचना सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिंता पर बल दी गई है। उन्होंने कहा कि सरगुजा से लेकर बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के संपूर्ण विकास की दस्तावेज का प्रस्तुतिकरण विधानसभा के पटल में रखा गया है। हम अपने प्रदेशवासियों को भरोसा दिलाते हैं कि विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में तस्वीर व तकदीर बदलेंगे।

आगे उन्होंने कहा कि सरकार के पहले बजट में सरगुजा संभाग को कइ बड़ी सौगातें मिली है अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज को एम्स के रूप में विकसित करने के लिए 50 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है अंबिकापुर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेंगे।

बजट पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि अंबिकापुर के दरिमा में तैयार मां महामाया एयरपोर्ट के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है, एयरपोर्ट का विस्तार कार्य पूर्ण हो चुका है और अभी लाइसेंसिंग प्रक्रिया जारी है, और शीघ्र ही एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हो जाने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में तैयार व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट को प्रखरता से प्रस्तुत किया है। इसके लिए

## देश के अग्रणी राज्यों में स्थान दिलाएगा यह बजट : ललन प्रताप सिंह

भाजपा सरगुजा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई ऊंचाई तक ले जायेगा। यह बजट छत्तीसगढ़वासियो के सपनों को साकार करने वाला बजट है, यह बजट केवल राशियों का आवंटन नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास का एक रोड मैप है जो छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में स्थान दिलाएगा। आगे उन्होंने कहा कि बजट में प्रदेश के सभी वर्गों का



विकास समाहित है, जिसमे सरगुजा को कई बड़ी सौगातें मिली है, अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज को एम्स की तर्ज पर विकसित करने की स्वीकृति, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, चिरमिरी नागपुर हॉट रेल लाइन की स्वीकृति, अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास के लिए राशि का प्रावधान भी शामिल है। उन्होंने उच्च स्तर के बजट के लिए मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बोन मैरो के संबंधी विकारों के निदान के लिए विशेषज्ञों ने दी चिकित्सकों की जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर पैथोलॉजी विभाग द्वारा पहली बार तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को पहले दिन मेडिकल कॉलेज में किया गया। कार्यशाला में राष्टीय एवं अंतर्राष्टीय ख्याति प्राप्त दिग्गज विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के पहले दिन कौशल एवं दक्षता तकनिक बताया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से लगभग 72 पीजी कर रहे छात्र व फैकेल्टी शामिल हुए। कार्यशाला के पहले दिन मेरुरज्जु विषय पर मेडिकल छात्रों व फैकेल्टी को विशेषज्ञ द्वारा बताया गया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि शरीर में विभिन्न प्रकार के रक्त विकार पैदा हो जाते हैं। बोन मैरो सबसे कठीन है पर यह सबसे ज्यादा वैज्ञानिक परख जानकारी देता है। इस विषय पर जानकारी



देने के लिए इंदौर के विभिन्न मेडिकल कॉलेज से आए डॉ. अमित वर्मा, डॉ. कमल मलुकानी एवं डॉ. गौतम भागवत को बुलाया गया था। इन विशेषज्ञों द्वारा बोन मैरो के संबंधी विकारों के निदान हेतु आधुनिक जांच एवं इलाज के बारे में पीजी के छात्रों को बताया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के 6 पीजी छात्र सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य राज्यों से भी पीजी के छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने समिति के सदस्य जिसमें डॉ. अलका सिंह, डॉ. विकास पांडेय,डॉ. आकाश सिंह, डॉ. एसएम टोप्पो,डॉ. मेराज फातिमा डॉ. दीप्ति तिर्की, डॉ. जगरानी लकड़ा, डॉ. शारदा भगत, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. सौरभ गोयल एवं डॉ. अनुभव वर्मा तथा विभाग के स्नातकोत्तर छात्र सक्रिय रहे।

### आज पढ़े जाएंगे शोध पत्र

मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन 9 से 11 फरवरी तक किया जाएगा। पहले दिन शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में ही बोन मैरो विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन सरगवां स्थित होटल में शोध पत्र पढ़े जाएंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दिग्गज विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। उक्त सम्मेलन में देश एवं प्रदेश से लगभग 250-300 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया है। वहीं यह 18वां राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज का यह पहला है। इस लिए यह अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं डॉ. आर्या ने बताया कि यह एक अभूतपूर्व सम्मेलन है। जिसमें प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के चिकित्सा शिक्षक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं भाग लेकर निसंदेह अपने ज्ञान में अद्यतन वृद्धि करेंगे, जिसका सीधा लाभ अंचल के मरीजों को मिलेगा।

# 39 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट वाहन एवं यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने 39 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 86 हजार 4 सौ रुपये समन शुल्क की बरामदगी की गई है एवं न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किये गए हैं।

मॉडिफाइड साइलेंसर के मामलो में सख्ती से कार्रवाई करते हुए कुल 10 प्रकरण बुलेट वाहन चालकों के विरुद्ध दर्ज किये गए।

उपरोक्त प्रकरणों मे वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण न्यायालय पेश किये जा रहे हैं एवं समन शुल्क भी वसूल किये गए हैं। कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई, एवं वाहनो मे मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग नही करने की समझाईस लगातार कार्यवाही एवं सडक़ सुरक्षा माह जनजागरूकता अभियान के माध्यम से की जा रही हैं,सरगुजा पुलिस की यह कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# 21 लीटर महुआ शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।** गांधीनगर पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण में कार्रवाई कर कुल 21 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार ग्राम सपना झगराहीपारा निवासी देवमुनिया राजवाड़े एवं महुआपारा निवासी भारती टोप्पो अपने मकान में अवैध महुआ शराब रखकर विक्रय के लिए रखे थे। पुलिस ने दुवमुनिया राजवाड़े के कब्जे से 15 व भारती टोप्पो के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति महिला ही बनेगी, भारतवंशी निक्की हेली ने ट्रंप को लेकर कही ये बात

वाशिंगटन, 09 फरवरी 2024। अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समाने एकमात्र प्रतिद्वंदी निक्की हेली ही बची हैं, जो लगातार चुनाव अभियान कर रही है। निक्की हेली ने कहा कि 2024 के नवंबर माह में अमेरिका में होने वाले आम चुनाव में राष्ट्रपति पद पर एक महिला ही जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा या तो मैं या फिर कमला हैरिस ही महिला राष्ट्रपति होंगी। गौरतलब है कि दोनों भारतीय मूल की हैं।

**2024 में राष्ट्रपति महिला ही बनेगी:निक्की**

हेली ने कहा है कि वह नेवादा में करारी शिकस्त के बाद भी वह राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस में बनी रहेंगी। हेली ने कहा कि उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को पहले दो बार वोट दिया था। संयुक्त राष्ट्र के राजदूत के रूप में उनके प्रशासन में सेवा करने पर मुझे गर्व हैं। उन्होंने कहा कि अराजकता उनका पीछा करती है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि हम एक



बिखरा हुआ देश और जलती हुई दुनिया नहीं बना सकते हैं। हम इससे बच नहीं पाएंगे। निक्की हेली ने कहा कि ट्रंप अब आम चुनाव में जीत दर्ज नहीं कर सकते हैं। यह एक सच्चाई है।

**ट्रंप के नेतृत्व में हमेशा हार ही मिली-निक्की**

ट्रंप पर कटाक्ष करते हुए निक्की हेली ने कहा कि हम 2018, 2020 में हार गए फिर 2022 में भी हमें हार का मुंह देखना पड़ा था। अभी भी कई अदालती मामले उन पर चल रहे हैं। ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने बोला कि हम उनके नेतृत्व में सिर्फ हारते रहे। पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के लिए ट्रम्प ने गुरुवार को नेवादा के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की। हेली ने इसे ट्रम्प के पक्ष में अनुचित प्रक्रिया बताते हुए कॉकस में भाग नहीं लिया। गौरतलब है कि निक्की हेली का जन्म पंजाब के अमृतसर के अप्रवासी सिख माता-पिता के घर दक्षिण कैरोलिना में निमराता निक्की रंधावा के रूप में हुआ था।

## संयुक्त राष्ट्र अधिकार प्रमुख ने गाजा में इमारतों के व्यापक विनाश पर जताई चिंता

**जिनेवा ,09 फरवरी 2023।** संयुक्त राष्ट्र अधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने इजरायली बलों द्वारा गाजा में नागरिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विनाश पर चिंता जताई है। मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उन्होंने इजरायली अधिकारियों को बता दिया है कि चौथे जिनेवा कन्वेंशन का अनुच्छेद 53 निजी व्यक्तियों की संपत्ति पर कब्जा या उसको नष्ट करने से रोकता है।



कथित तौर पर इजऱायली रक्षा बल (आईडीएफ) गाजा पट्टी में उन सभी इमारतों को नष्ट कर रहे हैं, जो इजऱायल-गाजा बाड़ के एक किलोमीटर के भीतर हैं। वे बफर ज़ोन बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र को साफ़ कर रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्क ने बयान में कहा कि संपत्ति का व्यापक विनाश, गैरकानूनी और मनमाने ढंग से किया गया है। यह चौथे जिनेवा कन्वेंशन का गंभीर उल्लंघन और युद्ध अपराध है। उन्होंने कहा, अक्टूबर 2023 के अंत से आईडीएफ ने उन क्षेत्रों में आवासीय भवनों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों सहित नागरिक और अन्य बुनियादी ढांचे का व्यापक विनाश और विध्वंस किया है, जहां लड़ाई नहीं हो रही है। संयुक्त राष्ट्र अधिकार प्रमुख ने कहा कि इजऱायल ने नागरिक बुनियादी ढांचे के इतने व्यापक विनाश के लिए कोई ठोस कारण नहीं बताया है।

# यहां अजीब संयोग गुरुवार रात ही होती है चोरीऽइस बार ज्वेलर्स संचालक के घर को बनाया निशाना

## 25 लाख से ज्यादा की नगदी और ज्वेलरी पर किया हाथ साफ



## घर को सूना पाकर चोरों ने दिया घटना को अंजाम,घर मे शादी की तैयारियों पर मायूसी

- संवाददाता -
बतौली, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

बतौली के देवरी बरगीडीह मार्ग पर हनुमान मंदिर से लगे हुए ज्वेलर्स के घर मे गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात चोरों ने दीपांशु ज्वेलर्स के संचालक मुकेश सोनी के आवास पर धावा बोल लाखों रुपये के नगदी और ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया।

मुकेश सोनी संचालक दीपांशु ज्वेलर्स ने बताया कि गुरुवार को साप्ताहिक बाजार था।दुकान बंद करने के बाद रात्रि आठ बजे अम्बिकापुर चले गए।वे सभी परिवार सहित ससुराल गए जहां उनकी सास जी का आंख का ऑपरेशन हुआ था,उन्हें देखने गए थे। रात्रि में खाना खाकर वापस आ रहे थे परन्तु परिवार वालो के रोकने पर रुक गए।

सुबह आठ बजे सपरिवार वापस आये तब देखा कि घर के मुख्य द्वार का कुंडी टूटा हुआ है,और दो कमरे खुले हुए हैं।एक कमरे में दोनों पुत्र हिमांशु और दिव्यांशु रहते हैं। दूसरे कमरे में मुकेश सोनी और उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता सोनी का शयनकक्ष है।चोरों ने दोनों पुत्रों के कमरे को खोल कर देखा और मुकेश सोनी के कमरे को पूरी तरह से खंगाल डाला।शायद चोरों को पता था कि सब कुछ उन्हें मुकेश सोनी के कमरे में ही मिलेगा।

### डॉग स्कवॉड असफल

बड़ी चोरी की घटना पर सूरजपुर से डॉग स्क्राड के जैकी को लाया गया था।परन्तु असफल रहा।तीन बार कोशिश की गई परन्तु घर के आसपास ही चक्कर काटता रहा,कोई सफलता नही मिली।

### कई टीम कर रही जांच

राजेन्द्र मंडावी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने बताया कि बड़ी चोरी की घटना पर सूरजपुर से डॉग स्क्राड को बुलाया गया परन्तु सफलता नही मिली।क्राइम ब्रांच की टीम भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में जांच कर रही है।थाना प्रभारी सी पी तिवारी के नेतृत्व में जांच जारी है,सायबर क्राइम टीम को भी मोबाइल सर्विलांस के लिए लगाया गया है।

### अजीब संयोग, गुरुवार रात ही होती है चोरी

यह अजीब संयोग ही है कि बतौली में होने वाली अधिकतर चोरियाँ गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात ही होती है। पहले 10-12 चोरियाँ गुरुवार रात ही हुई हैं।कयास यह लगाया जाता रहा है कि साप्ताहिक बाजार होने के कारण चोरों का दल बतौली आते हैं और रेकी करके रात में ही चोरी को अंजाम देते हैं।

### लाखों के जेवर और नगदी पर हाथ साफ

चोरों ने मुकेश सोनी के कमरे से लाखों रुपये नगदी और सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।दुकान से बिक्री के ढाई लाख,लगभग 25 तोला सोने के जेवर,1 किलो चांदी के जेवर जो दुकान में विक्रय के लिए होते थे चोरी हो गये।प्रतिदिन जेवरों को दुकान लाते थे,तथा शाम को घर ले आते थे।

श्रीमती सुनीता सोनी ने बताया कि स्टील के तीन बड़े गुल्लक जिसमे से दो भरे हुए थे तथा एक आधे से ज्यादा भरा था, उसे गुल्लक सहित चोर ले गए।तीनो गुल्लक में दो लाख से ज्यादा रुपये थे।उनके घरेलू जेवर लगभग दस तोले के थे, उन्हें भी चोर ले गए।अप्रैल में बड़े लड़के हिमांशु की शादी थी,खरीददारी के लिए रुपये रखे थे। चोरों ने लगभग 35 तोले सोने के जेवर,एक किलो चांदी के जेवर और साढ़े चार लाख रुपये पर चोरों ने हाथ साफ किया।

# नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव ने लखनपुर नगर पंचायत के विकास कार्यों के लिए दी करोड़ों रुपए की स्वीकृति

- संवाददाता -
लखनपुर,09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के मांग अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के पहल से लखनपुर नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी है। नगर पंचायत लखनपुर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में लखनपुर नगर पंचायत अंतर्गत गौरवपथ, डामरीकरण सड़क,पुल-पुलिया सहित अन्य निर्माण कार्यों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू की मांगों उपरांत व विधायक राजेश अग्रवाल की पहल पर प्रतिनिधि मंडल रायपुर पहुंच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात करते हुए विकास कार्यों के लिए मांग रखी। जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के द्वारा लखनपुर नगर पंचायत के विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की सुकृति प्रदान की है। वही विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए



की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर नगर पंचायत परिषद लखनपुर ने नगरीय प्रशासन मंत्री का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू के निवास पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही विकास कार्यों को लेकर आश्वाशन दीया था। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगर पंचायत लखनपुर को विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की सौगात दी है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात करने के दौरान विधायक राजेश अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू पार्षद अमित बारी, महमूद खान चंद्रभान सिंह,मौजूद रहे।

## जेलेंस्की ने ऑलेक्ज़ेंडर सिर्स्की को कमांडर-इन-चीफ किया नियुक्त

**कीव,09 फरवरी 2023।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि उन्होंने वालेरी जालुजनी की जगह कर्नल-जनरल ऑलेक्ज़ेंडर सिर्स्की को यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्त किया है। ज़ेलेंस्की ने कहा है कि उन्होंने कर्नल-जनरल ऑलेक्ज़ेंडर सिर्स्की को वालेरी जालुजनी के स्थान पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है।

जेलेंस्की ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, आज से, एक नई प्रबंधन टीम यूक्रेनी सशस्त्र बलों का नेतृत्व संभालेगी।

सिर्स्की को सबसे अनुभवी यूक्रेनी कमांडर बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कीव की रक्षा के लिए ऑपरेशन के दौरान उनके पास एक सफल रक्षात्मक अनुभव था।

जेलेंस्की ने कहा, रूसी सेना से पूर्वी खार्किव क्षेत्र को वापस लेने के ऑपरेशन के दौरान सिर्स्की को एक सफल आक्रामक अनुभव था।

58 वर्षीय सिर्स्की ने एक बार 2019 और 2024 के बीच यूक्रेनी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर के रूप में कार्य किया था।

# सहायक आयुक्त ने उदयपुर एकलव्य आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

- अनियमितता की बात पाई गई सही
- दूसरे अधीक्षक की व्यवस्था होने के बाद वर्तमान अधीक्षक को हटाने की जाएगी कार्यवाही
- प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस किया जा रहा है जारी
- एकलव्य आवासीय विद्यालय के बालक और बालिका दोनों ही छात्रावास में भारी अनियमितता का छात्र छात्राओं ने लगाया था आरोप




- संवाददाता -
उदयपुर, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

गुरुवार को एकलव्य विद्यालय के सैकड़ो छात्र अपनी समस्या को लेकर अचानक छात्रावास से निकलकर सीधा कलेक्टर सरगुजा से मिलने हेतु पैदल जा रहे थे जिसकी सुचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और उच्च अधिकारियों को मिलने पर तत्काल स्टेडियम ग्राउंड झिरमिट्टी के पास उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचकर छात्रों की समस्या को सुना गया और उचित निराकरण का आश्वासन दिया गया फिर छात्रों को वापस हॉस्टल भेजा था ।

शुक्रवार को सुबह 10 बजे करीब सहायक आयुक्त डीपी नागेश ने एकलव्य आवासीय विद्यालय का दौरा कर छात्र छात्राओं से मुलाकात की । एक एक कर अलग से सभी छात्र छात्राओं से बात कर उनकी समस्याओं को सुना और छात्रावास में व्याप्त अनियमितताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा छात्र छात्राओं को व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिलाया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खान-पान,पढ़ाई लिखाई से संबधित सभी बातों की जानकारी ली।

चर्चा के दौरान सहायक आयुक्त डीपी नागेश ने बताया की छात्र छात्राओं की शिकायत सही पाई गई है। दूसरे अधीक्षक की व्यवस्था कर वर्तमान अधीक्षक को यहां से हटाने की कार्यवाही की जाएगी तथा प्राचार्य को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश विद्यालय और हास्टल प्रबंधन को दिया गया है।

सहायक आयुक्त डीपी नागेश के साथ अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के प्रतिनिधि सौरभ अग्रवाल भी मौजूद रहे उन्होंने भी विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को नोट किया है इनमें प्रमुख रूप से बाउंड्री वॉल, पानी और बेड की व्यवस्था सहित अन्य चीजें शामिल है जिनका तत्काल निराकरण विधायक राजेश अग्रवाल के माध्यम से पहल किए जाने की बात कही गई है।

विदित हो की वर्तमान में एकलव्य आवासीय विद्यालय में 295 छात्र छात्रा अध्यनरत है। यहां छात्र छात्राओं को विषयगत शिक्षा के साथ खेल, संगीत और कंप्यूटर की भी शिक्षा दी जा रही है। इन्हे पढ़ाने के लिए 16 शिक्षकों की व्यव्स्था है ।

एकलव्य आवासीय विद्यालय संचालन वर्ष 2019 से हो रहा है । विद्यालय प्रभारी प्राचार्य बीएम टोप्पो के भरोसे चल रहा है। प्रभारी प्राचार्य की मूल पदस्थापना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका में व्याख्याता इतिहास के पद पर है। अधीक्षक की व्यवस्था नहीं होने तक पूर्व में यही प्रभारी प्राचार्य हास्टल अधीक्षक की जिम्मेदारी भी कुछ समय तक सम्हाले हुए थे।

# बच्चे देश का भविष्य... उनका भविष्य शिक्षकों के हाथ,इनके संवारने में अपनी भूमिका निभाएं,बच्चों के साथ संवेदनशील रहें : कलेक्टर

- कलेक्टर ने ली अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

निजी स्कूल की मनमानी व प्रताडऩा से परेशान छात्रा द्वारा किए अए आत्महत्या के बाद जिला प्रशासन की नींद खुल गई है। छात्रा के सुसाइड किए जाने के तीसरे दिन कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपन तथा एसपी विजय अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में स्कूल प्रबंधन,कानूनी प्रावधानों,बच्चों की सुरक्षा, बच्चों के अनुकूल व्यवहार, शिक्षकों की भूमिका आदि के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कलेक्टर ने विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को कहा कि विद्यालय की शुरुआत प्रसन्नता के साथ हो, बच्चों में विद्यालय के प्रति भय न रहे। बच्चे देश का भविष्य हैं और बच्चों का भविष्य आपके हाथ में है, अतः भविष्य संवारने में अपनी भूमिका निभाएं। शिक्षक बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार रखें, उनके अंदर स्वप्रेरणा जागृत करें, यह तभी सम्भव है जब पढ़ाई के साथ उनकी मानसिक क्षमता उभारने का प्रयत्न किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में एक कक्षा मनोविज्ञान की हो, जिससे बच्चों की सोच विकसित हो।

इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक विद्यालय के एक शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ये शिक्षक अन्य शिक्षकों तथा अभिभावकों को बच्चों के मनोविज्ञान को समझने की जानकारी देंगे, ताकि बच्चों के मन को समझकर उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय की पूरी जिम्मेदारी प्राचार्य की है, शिक्षकों की बैठक लें तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठा से बेहतर वातावरण का निर्माण करें। बालमन बहुत संवेदनशील है, शिक्षक इसे समझें, हर कक्षा की शुरुआत में उनसे बात करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के निरीक्षण के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी स्वयं जाएंगे। जिला प्रशासन आपके साथ है, बच्चों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।

### शिक्षक पालक के विश्वास को बनाए रखें

एसपी ने कहा कि विद्यालयों की व्यवस्था सुधारने अभी से सक्रिय हो जाएं। पालक अपने बच्चों का दाखिला विश्वास के साथ विद्यालय में करवाते हैं, अतः आप सबकी जिम्मेदारी उस विश्वास को बनाए रखने की है। बच्चों के साथ संवेदनशील रहें, संवेदनशीलता से किसी भी प्रकार की समस्या हल हो सकती है। समय-समय पर अभिभावक शिक्षक बैठक कर समस्याओं और जरूरतों के विषय में चर्चा करें, पढ़ाई से सम्बंधित चर्चा के साथ प्रत्येक बच्चे का विद्यालय और घर में व्यवहार के विषय मे जानकारी लें, अभिभावकों की भावनाओं को समझने का प्रयास करें। एसपी ने कहा कि मुख्य रूप से विद्यालय में शिकायत पेटी की व्यवस्था करें, गोपनीयता के लिए सीसीटीवी कैमरे से दूर रखें ताकि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय हो। शिकायत पेटी महिला थाना प्रभारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खोली जाए, जिससे बच्चों और अभिभावकों की समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन कानूनी प्रावधानों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें, विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम हो, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो। वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन हो, इसके लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें, सुरक्षा सम्बन्धी सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें, समय-समय पर वाहनों का फिटनेस जांच करवाएं। उन्होंने विद्यालय प्रमुखों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को गम्भीरता से लें और निदान करें,लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। विद्यालय प्रबंधन अपनी नैतिक जिम्मेदारी पूरी करें।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना | कोरिया-एमसीबी-सूरपुर-समाचार | अम्बिकापुर ,शनिवार 10 फरवरी 2024



क्या स्वास्थ्य मंत्री के भतीजे हैं प्रभारी डीपीएम ?

क्या कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग हुआ बेलगाम... मौजूदा भाजपा सरकार से भी भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की उम्मीद छोड़ दे जनता ?


मंत्री के भतीजे हैं प्रभारी डीपीएम स्वास्थ्य विभाग कोरिया...चाचा मंत्री इसलिए प्रभारी डीपीएम को हटा पाने में असमर्थ हैं प्रभारी सीएमएचओ जिला कोरिया ?

एक फार्मासिस्ट पर कार्यवाही करके क्या अपने आप को बचाना चाह रहे हैं प्रभारी सीएमएचओ व प्रभारी डीपीएम ?

जिस फार्मासिस्ट को करना था बर्खास्त उसे निलंबित कर मामले को पटाक्षेप करने में जुटा स्वास्थ्य विभाग जिला कोरिया

# क्या कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार में इतिहास रचने जा रहा है ?





-रवि सिंह-
कोरिया,09 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में इस समय किसी विभाग की सबसे ज्यादा चर्चा है तो वह जिले के स्वास्थ्य विभाग की चर्चा है, स्वास्थ्य विभाग की चर्चा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए नहीं सिर्फ स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर भ्रष्टाचार करने को लेकर है, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जो भ्रष्टाचार हुए हैं उसकी जांच कब होगी इसकी मांग लगातार हो रही है पर सिर्फ मांग ही हो पा रही है जांच कोई कर नहीं पा रहा है, लगा था कि भाजपा सरकार आते ही सारी जांच इस विभाग की होने लगेगी पर ऐसा होता दिख नहीं रहा है, स्वास्थ्य मंत्री भी लग रहा है फूंक फूंक के कदम उठा रहे हैं इसकी वजह प्रभारी डीपीएम हैं जो कांग्रेस शासनकाल से इस पद पर जमे हुए हैं और भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे हैं, प्रभारी डीपीएम ना जाने कहां से इतना दबाव अधिकारी सहित स्वास्थ्य मंत्री पर बना दिए हैं कि उनकी जांच अटक गई है जांच के साथ-साथ जहां उन्हें प्रभार से मुक्त करना था उन्हें प्रभार मुक्त भी नहीं कर पा रहा है, जिले के स्वास्थ्य विभाग फिलहाल चर्चा यह भी है कि स्वास्थ्य मंत्री के भतीजे हैं प्रभारी डीपीएम अब सही में भतीजे हैं यह तो स्वास्थ्य मंत्री व डीपीएम ही जानेंगे और यदि वह भतीजे नहीं है तो फिर जल्द उनके ऊपर कार्यवाही होनी चाहिए, तभी पता चलेगा की स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्टाचार को लेकर कितने जागरूक हैं और वह भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं करने वाले वह भी कम से कम अपने स्वास्थ्य विभाग में वह भी लोगों के स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर। स्वास्थ्य विभाग को आसान शब्दों में लोग जानते हैं कि यह एक ऐसा विभाग है जहां से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और जो निशुल्क मिलेंगी पर ऐसा सिर्फ विश्वास है पर विश्वास पर कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग कायम नहीं है, जिस मामले में विश्वास नहीं है उस पर स्वास्थ्य विभाग कायम है और वह मामला है भ्रष्टाचार का कोई भी इस बात का अंदाजा नहीं लग सकता कि स्वास्थ्य विभाग जैसे विभाग में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुए हैं और सिर्फ हुए हैं तो वह भी खरीदी को लेकर स्वास्थ्य विभाग बेहतर इलाज देने के नाकाम पर है पर बेहतर सुविधाओं के नाम पर जो खरीदी की गई है उसमें भ्रष्टाचार खूब हुआ है। चाहे वह दवाई हो या फिर मशीनरी या फिर अस्पताल की साफ सफाई सभी में भ्रष्टाचार की बू आ रही है जो सभी समझ पा रहे हैं जो दूर तक अपनी दुर्गंध फैला रहा है।

ज्ञात हो की वहीं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरीके से प्रभारी के भरोसे चल रहा है सीएमएचओ भी प्रभारी हैं और डीपीएम भी प्रभारी हैं डीपीएम तो इतने महान व्यक्ति हैं कि उनकी तारीफ जितनी भी की जाए उतनी कम है इनके लिए तो कड़े से कड़े शब्दों का भी उपयोग कम पड़ जाए, संविदा कर्मचारी हैं पर परमानेंट कर्मचारियों से कम अपने आप को नहीं समझते, इनकी पकड़ कितनी ऊंची है इसका भी अंदाजा कोई लगा नहीं सकता, क्योंकि कांग्रेस सरकार हो या फिर भाजपा की नई नवेली सरकार सभी को यह अपने गिरफ्त में अभी तक कर चुके हैं, और कब तक इनके गिरफ्त में सभी रहने वाले हैं इसका पता नहीं, कार्यवाही का इंतजार है जांच की दरकार है पर यह कौन करेगा इसका इंतजार है ? भ्रष्टाचार सीएमएचओ, डीपीएम मिलकर कर रहे हैं और छोटे कर्मचारीयों संलिप्तता भी इनके साथ है यही वजह है कि कोरिया जिले में एक लाइन से स्वास्थ्य विभाग के अमले में बदलाव की जरूरत है पर यह काम कौन करेगा इसका भी इंतजार है? दो पेन एक डायरी वाले डीपीएम तो चर्चा में है ही उनका रहन-सहन देख ले तो नहीं लगेगा कि वह किसी कलेक्टर से कम है उनके सामने कलेक्टर भी शायद शर्मा जाएंगे। प्रभारी डीपीएम जिले के आला अधिकारियों पर भी पूरा रौब रखते हैं क्या मजाल उनकी बात कोई काट दे,इसके पीछे का कारण कहना भी गुनाह होगा क्योंकि भ्रष्टाचार हावी है और सभी मौन हैं।

## क्या स्वास्थ्य मंत्री पूरे मामले में लेंगे संज्ञान,क्या वह प्रधानमंत्री के जीरो टॉलरेंस नीति पर करेंगे अमल ?

अब कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में पूर्व में हुए भ्रष्टाचार और जारी भ्रष्टाचार को लेकर अब वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री को भी स्पष्ट करना होगा की वह भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री के जीरो टॉलरेंस नीति पर अमल करेंगे या फिर वह भ्रष्टाचार पर मौन धारण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री क्या कोरिया जिले स्वास्थ्य विभाग में हुए भ्रष्टाचार और जारी भ्रष्टाचार को लेकर विभाग को जांच का आदेश देंगे दोषियों पर कठोर कार्यवाही करेंगे यह भी देखने वाली बात होगी। कुल मिलाकर भ्रष्टाचार के मामले में स्वास्थ्य विभाग जैसे विभाग में स्वास्थ्य मंत्री कितने सजग रहते हैं किस तत्परता से कार्यवाही करते हैं यह भी देखने वाली बात होगी,वैसे कोरिया जिले के प्रभारी डीपीएम जो स्वास्थ्य मंत्री का खुद को भतीजा बताते हैं उनके मामले में उनके भ्रष्टाचार मामले में स्वास्थ्य मंत्री क्या रुख अपनाते हैं यह भी देखने वाली बात होगी। वैसे स्वास्थ्य मंत्री कोरिया जिले से लगे हुए जिले के निवासी हैं और आज भी वह जिला कोरिया जिले के ही जिला चिकित्सालय से स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर रहा है ऐसे में उन्हे ज्यादा जिम्मेदारी से दोषियों पर कार्यवाही करनी चाहिए ऐसी लोगों को उनसे उम्मीद है।












## स्वास्थ्य विभाग के कारनामों को लेकर जिला प्रशासन क्यों चुप्पी साध रखी है ?

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के कारनामों को लेकर जिला प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है, एक ओर जिला अस्पताल की जीवनदीप समिति की जांच के लिए सीएमएचओ और प्रशासन ने पूरा जोर लगा दिया, अब बताया जा रहा हे कि मामला टांय टांय फिस्स हो गया है। दूसरी ओर करोड़ो की खरीदी करने वाले सीएमएचओं और डीपीएम के खिलाफ जिला प्रषासन ने अब तक किसी भी तरह की जांच शुरू नही की है, जबकि घटती घटना लगातार स्वास्थ्य विभाग में जारी अनियमितताओं को लेकर खबर का प्रकाशन कर रहा है।



## सरकार बदलते ही स्वास्थ्य विभाग की पिछली खरीदियों की होगी जांच,दोषियों पर कार्यवाही की थी उम्मीद, अब उम्मीद भी नाउम्मीदी में बदलने लगी

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में पिछ्ली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था, सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार कोरोना वैश्विक महामारी काल के दौरान हुआ जब दवाइयों और सुविधाओं के नाम पर जिले में ऐसा खेल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खेला जो एक बड़ा भ्रष्टाचार साबित हुआ। दवाइयां खरीदी गई,मशीनें खरीदी गई जिले के लोगों से खूब वाहवाही भी तब के जनप्रतिनिधियों ने ली और स्वास्थ्य विभाग ने ली, लेकिन इसके पीछे कुछ था तो वह था बड़े भ्रष्टाचार का खेल, कोरोना काल में लोग जहां तड़पकर काल के गाल में समा रहे थे वहीं स्वास्थ्य विभाग खरीदी में व्यस्त था जो कैसी खरीदी थी यह लोगों ने भी देखा जाना था जब उन्हे ही सुविधाएं नहीं मिल सकीं थीं,सभी खरीदियो की जांच होगी और सभी पर कार्यवाही होगी ऐसी उम्मीद तब लोगों के मन में जगी जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ और कांग्रेस की जगह भाजपा ने सत्ता में वापसी की। लेकिन अब भाजपा शासनकाल में भी कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग की अनियमिताओं की जांच होगी ऐसी उम्मीद भी लोगों की जाने लगी है। जिले के प्रभारी सीएमएचओ और प्रभारी डीपीएम जिन पर कार्यवाही होनी थी जिनमे एक पूर्व के भी सीएमएचओ शामिल थे सभी निश्चिंत हैं और भाजपा शासनकाल में भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। सभी को जैसे फिर से ऐसा करने की अनुमति मिल गई है और स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर लूट मचाने की सभी को स्वतंत्रता है ऐसा लगने लगा है। अब नाउम्मीदी ही कही जाएगी इसको लेकर की इनके ऊपर कार्यवाही होगी।

## क्या अधिकारी अपने बचने के लिए फार्मासिस्ट पर की कार्यवाही ?

जानकारी के अनुसार झुमका महोत्सव में मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व सीएमएचओ ने फार्माशिष्ट को निलंबित कर दिया, निलंबन में स्पष्ट कुछ भी नही बताया गया, बकायदा कार्यवाही का सरकारी खबर भी जारी की गई। वहीं सूत्र बताते है कि स्वास्थ्य विभाग के स्टोर इंचार्ज के हस्ताक्षर के मामले में फार्मासिस्ट को निलंबित किया गया है। तय है कि स्वास्थ्य विभाग में की जा रही खरीदी में जमकर अनियमिततताएं बरती जा रही है। अधिकारी खुद को सेफ रखने के बदले छोटे कर्मचारियों पर गाज गिरा रहे है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी देखी जा रही है। इधर, सूत्र यह भी बता रहे है कि निलंबित फार्मासिस्ट रेगूलर मद की खरीदी में आई सामग्रियो की देखरेख और वितरण का जिम्मा संभाल रहा था, और हस्ताक्षर रेगूलर मद के तहत खरीदी के दस्तावेजो में की गई है। यह भी बताया जा रहा है कि स्टोर इंचार्ज द्वारा एनएचएम की बडे मात्रा में हुई खरीदी के दस्तावेजो में भी हस्ताक्षर नहीं किए गए है, तो अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि एनएचएम में किसने हस्ताक्षर किए और राषि निकाल ली गई। दूसरा बडा सवाल यह है कि क्या एनएचएम में बिना किसी फार्माषिष्ट के खरीदी की जा रही है। क्योंकि बिना फार्माशिष्ट के खरीदी पर तत्कालिन सीएमएचओ और सहायक ग्रेड 3 के खिलाफ कार्यवाही की गई है, सहायक ग्रेड 3 को तो निलंबित किया जा चुका है।

## यदि सही तो शिकायत क्यों नहीं ?

चर्चा है कि सीएमएचओ ने खुद को बचने के लिए फार्माशिष्ट को निलंबित कर दिया, दूसरी ओर फार्मासिस्ट को लेकर कर्मचारियों को कहना है कि उसकी कोई गलती नहीं थी, अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि यदि फार्माशिष्ट ईमानदार था तो उसने तत्काल सीएमएचओं के द्वारा बनाए जा रहे दबाव की सूचना जिला प्रषासन को क्यों नहीं दी, यह भी सही है कि बिलों के भुगतान में जल्द बाजी खरीदीकर्ता को ज्यादा रहता है। इसके पीछे की कहानी से हर कोई वाकिफ है। क्या निलंबित फार्मासिस्ट को एनएचएम का भी प्रभार दिया गया था। क्या एनएचएम की खरीदी में भी हुए हस्ताक्षर में फर्जीवाडा किया गया है।

## क्रम समिति पर खडे होते सवाल

स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 2022 से लेकर अब तक हुए खरीदी पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है,क्यों कि इस खरीदी में बड़ी अनियमितताओं की आशंका है। जिसे लेकर सीएमएचओं विभाग के कई बाबू खुद के अधिकारी की कार्यशैली से परेशान है। मनमर्जी और बहुत गुप्त तरीके डीपीएम के साथ कमरा बंद करके खरीदी का काम किया गया है, यहां तक की बाबूओ को इसकी किसी भी तरह की जानकारी न हो सके इसका पूरा ख्याल रखा गया है। वहीं क्रय समिति में शामिल सदस्यों की हस्ताक्षर पर भी अब सवाल खड़े हो रहे है क्या उन्हे भी दबाव डालकर हस्ताक्षर करवाए गए है। बताया यह भी जा रहा है कि हाल में हुई लैब की सामग्रियों की खरीदी में भी कुछ सदस्यों ने हस्ताक्षर करने से साफ इंकार कर दिया है।

## प्रभारी डीपीएम को आदेश के बाद भी हटा पाने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम हो रहा साबित

जिले के प्रभारी डीपीएम जिनकी जगह नए डीपीएम की पदस्थापना हो चुकी है ऐसा आदेश होने के बावजूद प्रभारी डीपीएम को जिले का स्वास्थ्य विभाग हटा पाने में नाकाम साबित हो रहा है। आखिर इसके पीछे की वजह क्या है,वैसे वजह स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद जरूर होगा और वह किसी ठोस वजह जो प्रभाव और पकड़ जैसी वजह होगी को उजागर नहीं कर पा रहा है। वैसे डीपीएम कोरिया मनमानी करते जा रहे हैं जिले के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टचार की जड़ और मजबूती से फैलाते जा रहे हैं जो देखा सुना जा रहा है और वह पुरवर्ती कांग्रेस शासनकाल की ही तर्ज पर फिर से जिले के स्वास्थ्य विभाग को खोखला करते जा रहे हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री के भतीजे बताए जाते हैं प्रभारी डीपीएम कोरिया,सच्चाई कितनी यह स्वास्थ्य मंत्री ही बता पायेंगे

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम स्वास्थ्य मंत्री के भतीजे हैं ऐसा बताया जा रहा है जबसे नए स्वास्थ्य मंत्री ने जिम्मा सम्हाला है। अब प्रभारी डीपीएम कोरिया स्वास्थ्य विभाग के मंत्री के भतीजे हैं की नहीं यह तो स्वास्थ्य मंत्री ही बता सकते हैं लेकिन माना जा रहा है उन्ही के नाम के सहारे वह अपनी धमक और धाक विभाग में जमा रहे हैं और नए डीपीएम को कार्यभार ग्रहण करने से रोक पा रहे हैं।वैसे स्वास्थ्य मंत्री का भतीजा होना उन्हे भ्रष्टाचार करने की इजाजत देता है स्वास्थ्य सुविधाओं में सेंध लगाने की स्वतंत्रता देता है यदि ऐसा है तो यह कतई स्वीकार करने योग्य विषय नहीं है।

## जिले में हुई दवा खरीदी में फार्मासिस्ट को किया निलंबित,बर्खास्त किए जाने की थी जरूरत,अन्य की संलिप्तता भी होनी थी उजागर होनी थी कार्यवाही...

जिले में स्वास्थ्य विभाग ने विगत कुछ माह पूर्व जमकर दवाओं की खरीदी की,यह कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुई खरीदियां थीं, खरीदी हुई बिलों का भुगतान हुआ तब पता चला खरीदी में भ्रष्टाचार का खेल कैसे रचा गया। अब जब मामला उजागर हुआ एक फार्मासिस्ट पर निलंबन की कार्यवाही की गई,जबकि उसे बर्खास्त करने की जरूरत थी क्योंकि खरीदी में भ्रष्टाचार साबित होता है। अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित कर्मचारियों की भी मामले में संलिप्तता थी उन पर कार्यवाही भी नहीं की गई। कुल मिलाकर मामले को दबाने का प्रयास जारी है और इसलिए एक छोटी कार्यवाही की गई जिससे सभी को बचाया जा सके। अब सवाल यह है की क्या भ्रष्टाचार जैसे मामलों में वह भी स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार के मामलो में दोषियों पर रहम करना न्याय संगत है। लोगों के जीवन के नाम पर जो लूट रहा हो उनके हक का हिस्सा उसे माफ किया जाना क्या न्याय यह भी बताना चाहिए।

# बजट पर भाजपा व कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया

## भाजपा ने कहा की छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार करने वाला तो कांग्रेस ने हर वर्ग के लिए हताशा का बताया











**सूरजपुर, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)। राज्य सरकार के बजट को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने अपनी अलग-अलग प्रतिक्रिया दी है कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि यह बजट हर वर्ग के लिए हताशा का है जबकि भाजपा नेताओं ने बजट को छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार करने वाला बताया है।**

➡ बजट को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा यह बजट छत्तीसगढ़ की महिलाओ,युवाओं,किसानों के भविष्य को संवारने वाला बजट होगा।यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास का एक संकल्प लेकर निश्चित लक्ष्य बता रहा है जिसमे राज्य की जीएसडीपी को 5 साल में दोगुना किया जाना है। श्री अग्रवाल ने कहा यह बजट मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है इस बजट में महतारी वंदन,किसानों को भुगतान, प्रधानमंत्री आवास,जल जीवन मिशन,श्री राम लला दर्शन,मुफ्त इलाज,भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटीयों को पूरा करने प्रावधान किया गया है। उन्होंने ने कहा यह बजट हर चुनौती को चुनौती दे रहा है।राज्य की आय बिना किसी पर कर का बोझ डाले 22 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य प्रशंसनीय है प्रदेश के हर क्षेत्र हर विभाग हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं जिससे छत्तीसगढ़ के लोगो के जीवन में खुशहाली आएगी। यह बजट सही मायने में छत्तीसगढ़ के विकसित राज्य बनने के सपने को साकार करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

---

➡ कमेटी के उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा ने कहा ऋणम कृतवां घृतम पीवेत का बजट है। यह 2 माह में 5 हजार करोड़ का ऋण लेने वाली सरकार के चुनावी वादे झूठे साबित हुये हैं। 500/- का सिलेंडर गायब, महतारी वंदन योजना में 18 से 21 वर्ष आयु की विवाहित महिलाओं से छल, 1 लाख युवाओं को रोजगार पर सरकार मौन। बेरोजगारी भत्ते पर, कालेज आने जाने की यात्रा छुट पर सरकार की चुप्पी बनी हुई है। जीएसटी लगे 7 साल हो गये वेट के पुराने लंबित मामलों पर व्यापारियों को कोई राहत नहीं। औद्योगिक नीति का कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। कुल मिलाकर पूरे बजट भाषण के दौरान सरकार की आत्ममुग्धता दिखाई देती रही आम आदमी फिर छला गया है।

---

➡ छत्तीसगढ़ सरकार के पहले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सूरजपुर जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिवभजन मरावी ने कहा है कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार और उनके वित्त मंत्री द्वारा जो बजट पेश किया गया है वह सिर्फ आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक ख्याली पुलाव बजट है उन्होंने कहा कि बजट पूरी तरह निराशाजनक है छत्तीसगढ़ बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मरावी ने कहा है कि साय सरकार का पहला बजट 1.47 लाख का हैं लेकिन आम जनता को लॉली पॉप देने जैसा वाला बजट निकला ,अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, इस बजट में युवाओं के रोजगार के दिशा में कोई भी दूरदर्शीता नही दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में 1 लाख् युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा था, लेकिन बजट में नई नौकरियों के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं, उल्टे बेरोजगारी भत्ता की राशि खा गए। कॉलेज जाने वाले छात्रों से वादा था यात्रा भत्ता देने का जिसके लिए कोई बजट प्रावधान नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाले भाजपाई गैस सब्सिडी के लिए एक रुपए का भी बजट प्रावधान नहीं कर पाए हैं।

---

➡जिला पंचायत अध्यक्ष मरावी ने कहा है कि बजट प्रतिवर्ष के लिए होता है, लेकिन बीजेपी हमेशा की हसीन सपने 2047 तक का दिखा रही है , मरावी ने कहा है 2014 का ही घोषणा पत्र पूरा नही कर पाई, और साय सरकार मोदी गारंटी की बात करते है ,छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत आज का बजट अभिभाषण पूरी तरह से भाजपा के चुनावी जुमलो की तरह ही था। नक्सलवाद पर सरकार की सिर्फ हिंगे हांकने का काम किया हैं , आम बस्तरियों के लिए इस बजट में कुछ नही मिला हैं प्रदेश की जनता से ज्यादा प्रधान मंत्री को खुश करने के लिए बनाया गया यह बजट निर्रथक है ।

---

➡जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री जफर हैदर ने कहा है कि आज वित्त मंत्री द्वारा प्रदेश की साय सरकार का विधानसभा चुनाव के बाद पहला बजट पेश किया गया, इस बजट से प्रदेश की आम जनता, किसान, गरीब, मजदूर, महिला और युवा वर्ग एक उम्मीद और एक आस लेकर बैठा था कि इस बजट में उनके लिए कुछ खास होगा, परंतु हर वर्ग पूरी तरह से हताश और निराश है क्योंकि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए इस बजट का पिटारा पूरी तरह खाली किसी के हाथ कुछ भी नहीं लगा। बजट सिर्फ आय और व्यय का ब्यौरा नहीं होता, बल्कि यह वर्तमान सरकार का एक पॉलिसी डॉक्युमेंट होता है, सरकार आने वाले दिनों में प्रदेश की आम जनता के जेब में किस प्रकार पैसा डालने का काम करेगी और उनके हितों के लिए किस प्रकार के निर्णय लेगी एवं योजनाएं बनाएगी इसका स्पष्ट आईना होती है। परंतु साय की सरकार द्वारा पेश किया गया यह बजट पूरी तरह दिशा विहीन, उद्देश्य विहीन, और बिना रोड मैप का बजट है, जिस प्रदेश की आम जनता को कोई फायदा नहीं पहुंचने वाला है जब की वित्त मंत्री ओपी चौधरी से प्रदेश के शिक्षित युवाओं को बहुत ज्यादा उम्मीदें थी पर उनकी उम्मीदों पर भी पानी फिरता दिखाई दिया।

---

➡ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृपाल साहू ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी और कहां की विकसित छत्तीसगढ़ का बजट है। छ.ग. की करोड़ जनता के विकास का बजट मोदी की गारंटी विष्णु देव के सुशासन का बजट है। गांव गरीब किसान महिला युवाओं के एवं छत्तीसगढ़ के विकास का बजट है। नई सड़क, पुल स्कूल सुधार, हाफ बिजली बिल, त्याच मुक्ट कृषिवटण, 4 साइबर धाना, 100 प्रणाली में सुविधा, दीन दयाल भूमिहीन यौणार प्रदेश वासियों कोई नया टैक्स नहीं, 22 फीसदी इजाफे का प्रदेश की बजट में जीवन के सभी पहलुओं को छूने का प्रयास पहली बार किया गया।

---

➡भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी जी के द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह युवा सपनों को पंख देने वाला बजट है। यह आने वाले 5 साल में छत्तीसगढ़ के विकास की दशा और दिशा दोनों ही बदलने वाला बजट है।

---

➡ बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई रफ्तार देगा यह छत्तीसगढ़ के लोगों के सपनों को साकार करने वाला बजट है । यह बजट केवल राशियों का आवंटन नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास का एक रोड मैप है जिससे छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हो सकेगा। श्री तिवारी ने कहा छत्तीसगढ़ के विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग,बच्चो की पढ़ाई के लिए नालंदा परिसर जैसे नए 22 संस्थान,160 आईटीआई का उन्नयन,छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थान, बस्तर वि. वि में नवीन शिक्षणविभाग,सूरजपुर, कोंडागांव, सुकमा , बलरामपुर में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना,साइंस सिटी,एस्ट्रो पार्क,जशपुर में एग्रो बिजनेस कॉलेज छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, गोंडी भाषा के प्रोत्साहन हेतु सॉफ्टवेयर निर्माण सहित कई ऐसे प्रावधान बजट में है जो छत्तीसगढ़ के विकास को तेज गति देंगे।

# राहुल गांधी की यात्रा को लेकर प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तारा शिवनगर का कांग्रेसियों ने लिया जायजा

-संवाददाता-
सूरजपुर,09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का लिया जायजा राहुल गांधी की यात्रा को लेकर प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तारा शिवनगर का जायजा लेते कांग्रेस नेता,पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह, पूर्व विधायक खेलसाय सिंह,पारस नाथ राजवाड़े, कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर शुक्रवार को स्थल का जायजा लिया। यात्रा के पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, पंचायत जनपद उपाध्यक्ष तुलसी यादव, जिला पंचायत सदस्य शशि सिंह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता प्रस्तावित रूट का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में राहुल गांधी के प्रवेश करने के प्रस्तावित रूट का जायजा लिया। कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय लोगों के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की।



# जिला अस्पताल के कैंटीन में पसरी गंदगी पर खाद्य विभाग ने जारी किया शोकॉज नोटिस

-संवाददाता-
कोरबा,09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
आम नागरिकों के द्वारा जहां सबसे ज्यादा स्वच्छता और हाइजीन रखे जाने की अपेक्षा की जाती है, वहीं गंदगी और अव्यवस्था का आलम नजर आया। कोरबा जिला अस्पताल के मरीजों को भोजन परोसने वाली कैंटीन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंची। कैंटीन में उम्मीद के विपरीत पसरी गंदगी और साफ-सफाई का अभाव देख अधिकारी हैरान परेशान होने के साथ-साथ नाराज भी हुए। उन्होंने कैंटीन संचालक को जमकर फटकार लगाई। टीम ने कैंटीन संचालक को शो-कॉज नोटिस थमाते हुए तय पैमानों के अनुरूप व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस भी डिस्प्ले होना नहीं पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विकास भगत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान वहां से सब्जी,दाल और चावल का नमूना लिया गया। जिसे राज्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से कैंटीन के संचालक को शोकॉज नोटिस भी जारी किया गया।

# निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत की गयी कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर सरकार ने अपनी सभी एजेंसी को सख्त कार्यवाही करने के दिए हैं निर्देश। जिसके अंतर्गत कोरबा जिले एवं पूरे अंचल में इसी प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी हैं। इसी तारतम्य में नगरपालिक निगम की टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे के पास व्यवसाय कांप्लेक्स के सामने बनाई गई दीवार को अवैध मानते हुए उसे ध्वस्त करने की कार्यवाही की । जानकारी के अनुसार प्रशासन की ओर से सर्व संबंधित तंत्र को इस बारे में निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के बारे में न केवल जानकारी हासिल करें बल्कि इस दिशा में उचित सख्त कार्यवाही करें। अलग-अलग स्तर से मिल रही शिकायत के बाद ऐसे मामलों में कार्यवाही शुरू की गई है। नगर पालिका निगम की ओर से इसी श्रृंखला में ट्रांसपोर्ट नगर जोन के अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग चौराहे के पास व्यवसाय कंपलेक्स के सामने बनाई गई अवैध दीवार को ढहाने की कार्यवाही की गई। इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी के द्वारा किये गए अवैध निर्माण को नगर निगम ने हाइड्रा के माध्यम से हटा दिया। तोडू दस्ता प्रभारी योगेश राठौर ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है और इसी श्रृंखला में हमने यह कार्यवाही की है। जहां कहीं भी इस प्रकार के मामले प्रकाश में आएंगे उस पर निश्चित रूप से निगम कार्यवाही करेगी । नगर निगम ने जिले के नागरिकों से अपील की है के किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें,जिससे कार्यवाही की स्थिति बने।

# शक्ति वंदन अभियान के शुभारंभ हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
महिला स्व सहायता समूह के सशक्तिकरण एवं शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का सामाजिक सहभागिता के माध्यम से सिचुएशन किए जाने के उद्देश्य से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ जिला ऑडिटोरियम सूरजपुर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, श्रम विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया। योजनाओं हेतु हितग्राहियों के मोबिलाइजेशन हेतु संकुल संगठन को सक्रिय भूमिका निर्वाह किया जाने हेतु प्रेरित किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास ने शासन की वर्तमान में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे 85 लोगों का आयुष्मान कार्ड तैयार कर लिया गया है। शेष बचे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड



तैयार किए जाने हेतु संकुल संगठन एक महती भूमिका निर्वहन कर सकता है जिससे शीघ्र ही शत प्रतिशत परिवारों को स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जा सके। जिले मे महतारी वंदन योजना अंतर्गत 1 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। शासन द्वारा 08 मार्च को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन पहली किश्त हस्तांतरित किए जाने हेतु तैयारी की गई है जिसके लिए 20 फरवरी तक शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़े जाने हेतु संकुल संगठन के माध्यम से हितग्रहियों को मोबिलाइज कर आंगनबाड़ी केंद्रों,ग्राम पंचायतों से पंजीयन कराया जाना है। उनके द्वारा यह जानकारी दी गई की जिले मे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमित व्यक्तियों के मृत्यु होने पर बिहान के अमले द्वारा शत प्रतिशत बीमा दावा प्रस्तुत कर नामिनी सदस्य को समय पर बीमा राशि दिलाए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार किया गया है। राजेश महलवाला ने बताया की मातृ शक्ति द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, लखपति दीदी योजना, नशा मुक्ति अभियान से जुड़ कर समाज से गरीबी, कुरीति एवं बुराई को दूर करने का कार्य किया जा रहा है जिसकी सराहना माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी की जा रही है जिसके लिए उन्होंने शक्ति वंदना अभियान प्रारंभ किए जाने का आहवाहन किया गया। अजय गोयल ने महिलाओं द्वारा समस्त क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए जाने पर उनका प्रोत्साहन किया गया। पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री भीमसेन अग्रवाल ने शासन की योजनाओं के बारे मे बताया की बच्चे के जन्म लेने से पूर्व से उसके मृत्यु तक शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ निचले स्तर तक पहुंचे इसलिए लिए सामाजिक सहभागिता भी बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी महिला संकुल स्तरीय संगठन को उत्कृष्ट कार्य किए जाने हेतु सम्मानित किया गया साथ ही समस्त विकासखण्ड से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक कैडरों को उत्कृष्ट कार्य किए जाने हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुरली मनोहर जोशी, राजेश्वर तिवारी, किरण खेस, किरण साहू, कुलदीप बिहारी, प्रतिनिधि जायसवाल, मनिहारी लाल, शिवबालक यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी, महिला संकुल संगठन की कार्यकारी सदस्य, नगरीय क्षेत्र सूरजपुर के स्व सहायता समूह सदस्य, एरिया लेवल फेडरेशन की सदस्य उपस्थित रही।

# कलेक्टर के निर्देश पर पांच एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा, 09 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा शासकीय भूमि पर किये गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश उपरांत एसडीएम कटघोरा द्वारा तहसीलदार दर्री के साथ मिलकर ग्राम चारपारा (हसदेव नदी के पास) तहसील दर्री खसरा नम्बर 549/1,लगभग साढ़े पांच एकड़ शासकीय भूमि जिसमें बाउंड्रीवाल कर स्टोर के रूप में उपयोग किया जा रहा था, उसे हटाया गया है। एसडीएम ने



बताया कि उक्त भूमि शासकीय है और इसे कलीम सिद्दीकी पिता रशीद अहमद, आसिफ खान पिता अब्दुल वहीद, राधे श्याम अग्रवाल एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा कब्जा कर अलग-अलग गतिविधियों में उपयोग किया जा रहा था। अतिक्रमण की सूचना पर जेसीबी के माध्यम से जिला प्रशासन की टीम द्वारा कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा अतिक्रमण पर कार्यवाही के साथ ही विभागीय जमीन पर सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल अम्बिकापुर (छ0ग0)**

बाबूपारा जेल रोड़ अम्बिकापुर फोन 07774-224498 फैक्स 224113
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 19/02/2024
निविदा आमंत्रण :- द्वितीय आमंत्रण

| स.क्र. | निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक व दिनांक | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 05/ 05/02/2024 | 152552 | लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग जशपुर अंतर्गत निर्मित वृहद पुलों में विशेष मरम्मत कार्य का निविदा आमंत्रण बावत् | रू. 34.39 लाख |

जी नंबर-07623/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल
अम्बिकापुर (छ0ग0)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, मेसर्स कर्रा लाईम स्टोन माईन (प्रो.श्रीमती कान्ती गुप्ता) पति-श्री रमाशंकर गुप्ता, ग्राम-कर्रा, पो0-बबौली, तहसील-लुण्ड्रा, जिला-सरगुजा (छ0ग0) को ग्राम-कर्रा, तहसील-लुण्ड्रा, जिला-सरगुजा के पार्ट ऑफ खसरा क्र. 679/1 में स्थित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता-10217 टन (4086 घन मीटर) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र क्र. 2660 / एस. ई.आई. ए. ए. छ0ग0/माईन/2384 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23/01/2024 को राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के द्वारा उपरोक्त आवेदन कर्ता को प्रदान हो चुकी है।

मेसर्स कर्रा लाईम स्टोन माईन
(प्रो. श्रीमती कान्ती गुप्ता)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0), सूरजपुर, जिला-सूरजपुर, छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-चंदरपुर को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती सरस्वती पति हरिनारायण, जाति तेली, निवासी ग्राम सूरजपुर, तहसील व जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-चंदरपुर, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. व तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 600/9 रकबा 0.040 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 14/02/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/01/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर के जारी किया गया।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

# तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका

### सीरीज से बाहर हो सकते हैं श्रेयस अय्यर



**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024।** भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं। दरअसल, इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार अय्यर ने फॉरवर्ड डिफेंस खेलते समय पीठ में अकड़न और ग्रोइन पेन की शिकायत बताई है। जिससे उनका आगामी टेस्ट मैचों में खेलने पर सस्पेंस है।

दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी टीम की प्लेइंग किट विशाखापट्टनम से सीधे राजकोट पहुंचा दी गई थी, जहां 15 फरवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। वहीं, अय्यर की किट को मुंबई में उनके घर भेज दिया गया था।

अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति शुक्रवार को पांच मैचों की सीरीज के शेष मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर सकती है, जो 1-1 से बराबरी पर है। सूत्रों ने कहा कि अय्यर को आगे के परीक्षणों के लिए बैंगलोर में राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी भेजा जाएगा। लेकिन बल्लेबाज को अगले महीने इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। पिछले साल पीठ की चोट के बाद अय्यर की सर्जरी हुई थी।

# कोलिन्स को हराकर रिबाकिना अबू धाबी के क्वॉर्टर फाइनल में

**अल रावदाह, 09 फरवरी 2024।** नंबर 1 सीड एलेना रिबाकिना ने अबू धाबी ओपन के दूसरे दौर में एक सेट और एक ब्रेक के बाद वापसी करते हुए अमेरिका की डेनिएल कोलिन्स को 2 घंटे 17 मिनट में 4-6, 6-3, 6-3 से हराया। पूर्व विंबलडन चैंपियन रिबाकिना ने अबू धाबी में हर बार अंतिम आठ में जगह बनाई है। वह उस स्तर पर 2021 में आर्यना सबालेंका से और पिछले साल बीट्रिज़ हद्दाद माइया से हार गईं थीं। कजाकिस्तान की खिलाड़ी के पास यहां अपने पहले सेमीफाइनल में भाग्यशाली हारने वाली क्रिस्टीना बुक्सा के खिलाफ पहुंचने का मौका होगा, जिन्होंने क्वालीफायर हीथर वॉटसन को 7-6(7-1), 7-5 से हराकर अपने पहले टूर-स्तरीय क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार कोलिन्स ने पहले सेट में जोरदार प्रदर्शन किया और दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक से बढ़त हासिल कर ली, लेकिन रिबाकिना ने तत्काल ब्रेक बैक के साथ जवाब दिया। हालाँकि, वह अभी भी पूरे प्रवाह में नहीं थी, और एक ड्रॉप शॉट खेलने के प्रयास में अपनी सर्विस गंवा दी और 3-2 से पीछे हो गई ।इसके बाद कोलिन्स की सर्विस पर चार ड्यूस का संघर्ष हुआ और यह निर्णायक मोड़ साबित हुआ। रिबाकिना ने अपना चौथा ब्रेक प्वाइंट बदलकर स्कोर 3-3 कर दिया।



# भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के लिए तैयार

**भुवनेश्वर,09 फरवरी 2024।** हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान जब वे शनिवार को अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेंगे।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाला है; राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जाने से पहले, जहां लीग 19 फरवरी से 25 फरवरी तक जारी रहेगी। पांच राष्ट्रीय टीमें आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भारत चरण में भाग लेंगीएफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष), एक बार भुवनेश्वर में और एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगे।



ओलंपिक से पहले यह घरेलू खेल है और हम इसमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रहे हैं। कुछ युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें देखना वाकई रोमांचक है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। उन्हें इन आठ खेलों में मौका दिया जाएगा ताकि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम अपनी ओलंपिक टीम की पुष्टि कर सकते हैं ।

भारत इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के बाद आ रहा है, जहां उन्होंने फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ तीन दोस्ताना मैच और मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक आधिकारिक मैच खेला। भारत ने फ्रांस के खिलाफ अपने पहले और दूसरे गेम में क्रमशः 4-0 से जीत दर्ज की और 2-2 से ड्रा खेला। अगले गेम में, उन्होंने नीदरलैंड से 1-5 से हारने से पहले दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराया।

हमारे पास अच्छा आक्रामक खेल है और हम अपनी रक्षा के साथ इसे संतुलित करने की कोशिश करेंगे। इस टीम की महत्वाकांक्षा बेहद प्रभावशाली है। दक्षिण अफ्रीका दौरा इस तथ्य का संकेत था कि हमारी टीम की केमिस्ट्री सही है और अंदर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है टीम और यह समय की जरूरत है। हम युवाओं को सामरिक और तकनीकी रूप से विकसित होने में मदद करने के लिए एक्सपोजर देना चाहते हैं। प्रतिभा की प्रचुरता है और इससे टीम की गहराई में मदद मिलती है ताकि वे आने के लिए अच्छी तरह से तैयार हो सकें। और चोटों के मामले में अच्छा प्रदर्शन करें, उन्होंने आगे कहा।

भारत 10 फरवरी को अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेगा, जिसने हाल ही में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया है, इसके बाद 11 फरवरी को एफआईएच रैंकिंग में नंबर एक टीम नीदरलैंड से भिड़ंत होगी। उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। 16 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर में अपना आखिरी गेम खेलने से पहले 15 फरवरी को।

भारत ने स्पेन के खिलाफ जो पिछले सात मैच खेले, उनमें से चार मौकों पर भारत विजयी रहा। हालाँकि स्पेन विजयी हुआ जब उन्होंने 2023 4 नेशन मेन्स इनविटेशनल टूर्नामेंट (बार्सिलोना) में भारत को 2-1 से हराया, पिछली बार जब दोनों टीमें एक-दूसरे से भिड़ी थीं, तो भारत, नंबर 8 पर स्पेन की तुलना में नंबर 3 पर उच्च रैंक वाली टीम थी। , स्पेन पर अपनी 2-0 की जीत से प्रेरणा लेंगे जब दोनों आखिरी बार एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर राउरकेला के दौरान भारत में आमने-सामने हुए थे।

हम भारत में खेलने के लिए वापस आकर वास्तव में उत्साहित हैं एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24। हमारे पास कुछ शीर्ष-गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर है और हमें ओलंपिक के लिए अच्छी तैयारी करने का मौका मिलेगा। हम उन क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है और हम इन मैचों में उन पर अमल करने की कोशिश करेंगे जो हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, ÷कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारतीय टीम के लक्ष्य पर कहा।

# भारत की जीत पर बांग्लादेशी फैंस का बवाल,पथराव के बाद बदला फैसला

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024।** भारत को महिला अंडर-19 फुटबॉल चैम्पियनशिप में मेजबान बांग्लादेश के साथ संयुक्त विजेता घोषित किया गया। हालांकि मेहमान टीम ने शुरू में सिक्का उछालकर खुद को विजेता समझा लेकिन मैच अधिकारियों ने बाद में फैसला बदलकर दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया। निर्धारित 90 मिनट के खेल के बाद मैच 1-1 से बराबरी पर रहा। फिर रैफरी ने पेनल्टी शूटआउट करने का फैसला किया। दिलचस्प बात यह रही कि गोलकीपरों सहित दोनों टीम के सभी 11 खिलाड़ियों ने अपने पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। स्कोर 11-11 पर पहुंचने के बाद रैफरी पेनल्टी शूटआउट जारी रखने ही वाली थीं कि उन्हें ऐसा करने के लिए मना कर दिया गया। अचानक उन्होंने दोनों टीम की कप्तानों को बुलाया और सिक्का उछाला गया । भारत भाग्य शाली रहा और टॉस जीतने के बाद जश्न मनाने लगा। लेकिन बांग्लादेश की खिलाड़ियों ने विरोध किया और काफी देर तक खेल का मैदान छोड़ने से इनकार कर दिया। इससे हर तरफ अफरातफरी का माहौल बन गया था और बड़ी संख्या में भीड़ मैदान पर बोतलें फेंकते दिखी। उन्हें नारे लगाते भी देखा गया। एक घंटे से अधिक समय के बाद सिक्का उछालने का फैसला करने वाले मैच आयुक्त ने अपना निर्णय बदल दिया और भारत और बांग्लादेश को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया गया।



# फाइनल में आमने-सामने भारत और ऑस्ट्रेलिया,क्या है हेड टू हेड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2024।** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 सीजन अब फाइनल में एंट्री कर चुका है। ये टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका की मेजबानी में खेला जा रहा है। वहीं इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया 11 फरवरी को बेनोनी में टकराएंगे। भारतीय टीम ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका टीम 2 विकेट से हराया था। तो पाकिस्तान को 1 विकेट से शिकस्त देकर कंगारू टीम फाइनल में जगह बना पाई है। लेकिन बता दें कि अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 2 बार टक्कर हुई है। दोनों ही बार भारत ने धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की है। दोनों टीमों के बीच फाइनल में तीसरी बार टक्कर होगी।

अगर भारतीय टीम जीतती है तो ये उसकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में जीत की हैट्रिक होगी। इससे पहले भारतीय टीम वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 2012 और 2018 में भी हरा चुकी है। पिछला वर्ल्ड कप 2022 खिताब भारत ने इंग्लैंड को हराकर जीता था।



इसके साथ ही भारतीय टीम अब तक सबसे ज्यादा 5 बार अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम कर चुकी है। जबकि 3 बार उसे फाइनल में हार मिली है। इस तरह भारतीय टीम अब 9वीं बार फाइनल में पहुंची है। भारतीय टीम ने ये वर्ल्ड कप खिताब 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 सीजन जीता है। जबकि दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 3 बार खिताब अपने नाम किया है। उसने ये खिताब 1998, 2002 और 2010 सीजन में जीते हैं। उसे फाइनल में दो बार हार का सामना करना पड़ा। ये दोनों ही बार भारतीय टीम ने कंगारूओं को शिकस्त दी थी।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कही ये बात

**सिडनी,09 फरवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली का मानना है कि टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पिछले प्रदर्शन से खुद को निराश किया है, लेकिन उनके पास अपने अगले मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का अवसर है। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में ऐतिहासिक वनडे जीत हासिल की, जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई धरती पर उनकी पहली टी20ई जीत हुई। यदि दक्षिण अफ्रीका शनिवार को खेल जीतने में सफल हो जाता है तो अगले सप्ताह एकमात्र टेस्ट शुरू होने से पहले बहु-प्रारूप श्रृंखला 6-6 से बराबर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया अब मौजूदा सीज़न में सभी प्रारूपों में तीन मैच हार चुका है क्योंकि वह उत्तरी सिडनी ओवल में टी20ई मुकाबले में वेस्टइंडीज से हार गया था।यह स्पष्ट और सरल है- आप लापरवाह होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं और जितनी जल्दी हमें ज़रूरत है उतनी जल्दी अनुकूलन नहीं कर सकते हैं। हमने गर्मियों में यह साबित कर दिया है, कि जब हमने खुद को तीनों में थोड़ा सा भी निराश किया है पहलू यह है कि हमें दंडित किया जा रहा है। कल यहाँ आने और वास्तव में क्लिनिकल होने और जैसा हम कर सकते हैं वैसा प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर है। हम अभी भी एक बहुत अच्छी क्रिकेट टीम हैं, हमने एडिलेड में दिखाया कि हम कितने अच्छे हो सकते हैं, बस बदलना है हीली ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा, कल उठें और वही काम करें, फिर इसे लंबे समय तक बार-बार करें। हीली के करियर ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के विभिन्न चरणों से गुजरते देखा है। जब उनकी टीम के प्रभुत्व पर सवाल उठाया गया था तब वह उस टीम का हिस्सा रही हैं।एक समय ऐसा था जब क्रिकेट इस समूह के लिए वास्तव में चुनौतीपूर्ण था। पिछले पांच या छह वर्षों में हमें काफी सफलता मिली है, हां, लेकिन कई बार ऐसा भी हुआ है कि इस समूह को चुनौती दी गई है। हीली ने कहा दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका जो 3-2 से हार के साथ टी 20 आई श्रृंखला से चूक गया, वह अपने अवसरों का लाभ उठाकर श्रृंखला जीतना चाहता है। यह निश्चित रूप से पूरा नहीं हुआ है। अभी एक खेल खेलना बाकी है और मुझे लगता है कि इसके लिए सब कुछ खेलना है। अगर हम एक टीम के रूप में पिछले मैच में जो किया था, उस पर कायम रह सकते हैं, तो हम जा सकते हैं और श्रृंखला जीत सकते हैं।



# युवा खिलाड़ी विर्ट्ज और मुसियाला बुंडेसलीगा में मचा रहे हैं धूम

**बर्लिन,09 फरवरी 2024।** फुटबॉल के मैदान के बाहर निजी जिंदगी में दो खिलाड़ी बेहद खास दोस्त हैं,लेकिन मैदान पर बायर लीवरकुसेन और बायर्न म्यूनिख की जर्सी में वे कट्टर प्रतिद्वंद्वी हैं। इस शनिवार शाम जर्मनी के सबसे प्रतिभाशाली युवा फ्लोरियन विर्ट्ज़ और जमाल मुसियाला लाखों फुटबॉल प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेंगे।



इस सीज़न के लीग खिताब के लिए संघर्ष करते हुए ये दोनों जर्मनी को 2024 यूईएफए यूरो की राह पर ले जाने की आशा को आगे बढ़ाने की भूमिका में आ गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विर्ट्ज़ के साथ अनुबंध करने में बायर्न की कथित रुचि के साथ बवेरियन प्रशंसकों के बीच उन्हें किसी दिन बायर्न में एक साथ खेलते हुए देखने की इच्छाएं बढ़ती जा रही हैं।

17 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी में डेब्यू करने के बाद दोनों खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए हमेशा सराहा जाता है, जबकि मुसियाला ने 28 यूईएफए चैंपियंस लीग मैच और 105 लीग मैच खेले हैं।

यूरोपीय प्रतियोगिताओं में 26 उपस्थिति और 97 लीग मैचों में उनका रिकॉर्ड कायम हुआ। हालांकि, वह अपने दोस्त की तुलना में लगभग 100 दिन बाद जर्मन जर्सी में उतरे। जहां प्रमुख भूमिका की बात आती है तो विर्ट्ज़ को थोड़ा लाभ मिलता दिख रहा है, लेकिन हाल के महीनों में मुसियाला कभी-कभी बायर्न में फंस गया है।

# रयबाकिना ने कोलिन्स को हराकर अबू धाबी क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया

**अल रावदाह,09 फरवरी 2024।** नंबर 1 वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना ने अबू धाबी ओपन के दूसरे दौर में अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स को हराया, एक सेट और ब्रेक के बाद 2 घंटे और 17 मिनट में 4-6, 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। पूर्व विंबलडन चैंपियन रयबाकिना ने अबू धाबी में हर बार अंतिम आठ में जगह बनाई है। वह उस स्तर पर 2021 में आर्यना सबालेंका से और पिछले साल बीट्रिज़ हद्दाद माइया से हार गईं।कजाकिस्तान की खिलाड़ी के पास यहां अपने पहले सेमीफाइनल में भाग्यशाली हारने वाली क्रिस्टीना बुक्सा के खिलाफ पहुंचने का मौका होगा, जिन्होंने क्वालीफायर हीथर वॉटसन को 7-6(7-1), 7-5 से हराकर अपने पहले टूर-स्तरीय क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।कोलिन्स ने पहले सेट में जोरदार प्रदर्शन किया और दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक बढ़त हासिल कर ली, लेकिन रयबाकिना ने तत्काल ब्रेक बैक के साथ जवाब दिया। हालाँकि, वह अभी भी पूरे प्रवाह में नहीं थी, और फिर से सर्विस छोड़ने के लिए एक ड्रॉप शॉट का प्रयास किया और 3-2 से पीछे हो गई, डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट।इसके बाद कोलिन्स की सर्विस पर चार ड्यूस का संघर्ष हुआ और यह निर्णायक मोड़ साबित हुआ। रयबाकिना ने अपना चौथा ब्रेक प्वाइंट बदलकर स्कोर 3-3 कर दिया।निर्णायक मुकाबले की शुरुआत में रयबाकिना और कोलिन्स ने दो कड़े सर्विस ब्रेक का आदान-प्रदान किया। लेकिन वह रयबाकिना ही थीं जिन्होंने पांचवें गेम में सफलता हासिल की और बैकहैंड पास पाकर स्कोर 3-2 कर दिया। कोलिन्स की तीव्रता आखिरकार कम हो रही थी ढ्ढ विश्व नंबर 71 का अनुपात पिछले दो सेटों में 16 विजेताओं और 22 अप्रत्याशित त्रुटियों तक पहुँच गया था, जबकि रयबाकिना को खेल के उसी दौर में 12 अप्रत्याशित त्रुटियों के लिए 20 विजेता मिले थे। कोलिन्स की त्रुटियों को दूर करने के लिए गहरे रिटर्न से उतरते हुए, रयबाकिना ने जीत हासिल करने के लिए फिर से ब्रेक लिया।



# एक्शन ड्रामा 'किल' की रिलीज डेट का खुलासा

एक्शन ड्रामा 'किल' की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। करण जौहर और गुनीत मोंगा कपूर द्वारा निर्मित, 'किल', जिसमें लक्ष्य और राघव जुयाल हैं, 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज़ डेट की घोषणा करते हुए, करण ने इंस्टाग्राम पर लिखा,खून। खून। और खून!





फिल्म का निर्देशन निखिल नागेश भट्ट ने किया है।'किल' को अगस्त 2023 में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था, जहां इसे फिल्म प्रेमियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।'किल' मिडनाइट मैडनेस कार्यक्रम के तहत प्रदर्शित होने वाला एकमात्र भारतीय शीर्षक था, जो प्रशंसकों का पसंदीदा है, ÷अजीब और दुष्टों को उजागर करने वाला प्रतिष्ठित कार्यक्रम÷।वैरायटी के अनुसार, 'किल' अत्यधिक एक्शन शैली से संबंधित है, जो भारतीय सिनेमा में दुर्लभ है। पूरी तरह से नई दिल्ली जाने वाली एक एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित, यह फिल्म भारतीय सेना के कमांडो अमृत और वीरेश पर आधारित है, जो अमृत की प्रेमिका तूलिका को बचाने के मिशन पर हैं। उसकी शादी उसकी इच्छा के विरुद्ध किसी और से कर दी गई है। मामला तब गड़बड़ा जाता है जब एक ही परिवार के 40 से अधिक डाकू (जिन्हें भारत में डकैत कहा जाता है) लूटपाट और अपहरण के इरादे से ट्रेन में चढ़ते हैं। अमृत और वीरेश तूलिका और उसके परिवार की रक्षा करने की कोशिश करते हैं। ट्रेन के नज़दीकी दायरे में आंत को हिला देने वाली, दिल दहला देने वाली और धड़कनें तेज़ करने वाली गतिविधियां होती हैं और इस जोड़े को मानसिक रूप से बीमार डाकू फानी से भी जूझना पड़ता है।तान्या मानिकतला भी 'किल' का हिस्सा हैं

# सारा अली खान ने अपनी मम्मी जान अमृता सिंह को शायराना अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

अमृता सिंह के जन्मदिन के अवसर पर, उनकी बेटी सारा अली खान ने अपना कवयित्री अवतार दिखाया और मनमोहक तरीके से उनके लिए एक विशेष शुभकामनाएं दीं।

सारा ने इंस्टाग्राम पर लिखा,
÷मेरी दुनिया मेरी मम्मी
जानआप में बस्तेन मेरे
प्राण मेरा सबसे
बड़ा प्रयास आपके
मान को बनाए
रखना है। और
अपनी शानदार
आन बान और
शान को जोड़ने का
प्रयास करें।
हर समय मैं आपको
हेयरानोइंग करवाता हूं,
इसके लिए क्षमा करें, आपके
पास जो कुछ भी है वह आसान नहीं है
और इस प्यार का है परिमान आपकी अनंत
ममता, धैर्य और दया
इसने मुझे बहुत सुरक्षित महसूस कराया है- दिया
इतना अमां
आसमान में उड़ान का सपना देख सकून
धन्यवाद माँ.. और कैसे करूं बयान?
क्या आप हैं मेरा पूरा जहां.÷ उन्होंने लिखा.




सारा ने अमृता सिंह के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा कीं।

एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, ÷अच्छे जीन परिवार में चलते हैं।÷ एक अन्य ने लिखा, ÷डिट्टो कॉपी।÷

अमृता ने 1983 में सनी डोएल के साथ बेताब से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उन्हें अपने पूरे करियर में कई बार कई पुरस्कार समारोहों में नामांकित किया गया है। एक्ट्रेस ने 1994 में आईना के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता।

सारा और अमृता ने कभी एक साथ फिल्मों में काम नहीं किया लेकिन उन्होंने एक विज्ञापन में स्क्रीन स्पेस साझा किया। अमृता का पूर्व पति और अभिनेता सैफ अली खान (एएनआई) से बेटा इब्राहिम भी है।

# एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया की इस बात से नाराज हैं अरबाज खान



एक्टर और फिल्ममेकर अरबाज खान ने पिछले साल 24 दिसंबर को मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ दूसरी शादी की। शादी अरबाज की बहन अर्पिता के घर हुई थी। इसमें उनका परिवार और कुछ खास दोस्त शामिल हुए थे। पिछले दिनों अरबाज की एक्स-गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी ने उनके साथ ब्रेकअप को लेकर दिल की बात कही थी।

अब अरबाज ने इंडियन एक्सप्रेस के साथ बात करते हुए साफ किया की शूरा से रिलेशनशिप में आने से 2 साल पहले ही उनका और जॉर्जिया का ब्रेकअप हो गया था, लेकिन उन्होंने अपने इंटरव्यू में इस बात को साफ नहीं किया। अरबाज ने कहा कि मैं जानता हूं कि हाल के कुछ इंटरव्यू से यह अहसास होता है कि जॉर्जिया के साथ आखिर तक चीजें सही थीं, जो सच नहीं है। यह बेहद दुखद है कि अब मुझे यहां बैठकर इस तरह सफाई देनी पड़ रही है, लेकिन मेरा पिछला रिश्ता शूरा से मिलने से लगभग डेढ़ साल पहले ही खत्म हो गया था।जॉर्जिया के साथ मेरा सिर्फ 1 साल का डेटिंग पीरियड रहा लेकिन, उन्होंने जो इंटरव्यू दिए उनमें कोई समयसीमा नहीं दी गई और ऐसे इंटरव्यू लोगों को यह विश्वास दिलाते हैं कि मैं एक रिलेशनशिप में रहते हुए दूसरे रिलेशनशिप में गया। शूरा से मिलने तक मैं लगभग डेढ़ साल तक किसी को डेट नहीं कर रहा था और यही हकीकत है। दो साल बाद ठीक मेरी शादी से पहले सार्वजनिक रूप से रिश्ते पर चर्चा करना सही नहीं था। आपका लगभग 2 साल पहले ब्रेकअप हो चुका है और आपके पास तब इस बारे में बोलने का विकल्प नहीं था, तो अब इस बारे में बोलना सही नहीं लगता। उन्हें जो बीत गया उसे भूल जाना चाहिए था और इस बारे में पूछे जाने पर उन्हें कहना चाहिए था कि दुनिया जानती थी कि वह मेरे साथ रिलेशनशिप में थी और अब हम आगे बढ़ गए हैं। जब आप कुछ चीजों के बारे में बात करते हैं तो आपको सचेत और सावधान रहना होता है, क्योंकि आप किसी और के बारे में बात कर रहे हैं।

# पहली बार पेपरलेस बजट पेश की छत्तीसगढ़ सरकार

## छत्तीसगढ़ सरकार ने एक लाख 47 हजार 500 करोड़ का बजट पेश किया

**» अगले पांच साल में छत्तीसगढ़ की जीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य**

**» किसानों के लिए 10 हजार करो का प्रविधान**

**रायपुर,09 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में एक लाख 47 हजार 500 करोड़ का बजट पेश किया। छत्तीसगढ़ सरकार के पहले बजट में राज्य की जीडीपी को पांच लाख करोड़ से अगले पांच साल में 10 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकासशील से विकसित राज्य बनाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का ऐलान किया है। जिसे अमृत काल-छत्तीसगढ़ विजन एट 2047 नाम दिया गया है। बजट में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं पर फोकस के साथ ही गवर्नेंस में तकनीक पर ज़ोर दिया गया है।




## बजट की मुख्य बातें...

- 10 पिलर पर आधारित रणनीति से होगा प्रदेश का विकास।
- ज्ञान जी- गरीब वाई युवा ए-अन्नदाता एन-नारी इन वर्गों का विकास सरकार की प्राथमिकता होगी। प्रदेश की आर्थिक उन्नति में इन वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।
- तकनीकी आधारित रिफॉर्म्स के लिए 266 करोड़ का प्रावधान।
- शासन-प्रशासन में तकनीक के विकास पर जोर होगा।
- सरकार के लीकेज को तकनीक से रोकने का प्रयास होगा।
- छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण किया जाएगा।
- छत्तीसगढ़ को हेल्थ डेस्टिनेशन, वेडिंग डेस्टिनेशन बनाना प्राथमिकता होगी।
- प्रदेश में निजी निवेश सुनिश्चित करना भी हमारी प्राथमिकता होगी।
- बस्तर सरगुजा हमारी आर्थिक रणनीति का अहम हिस्सा होगा।
- छत्तीसगढ़ की जीडीपी को 10 लाख करोड़ करना हमारा लक्ष्य।
- दीनदयाल उपाध्याय भूमि कृषि मजदूर योजना प्रारंभ करने के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना का इसी बजट में प्रावधान।
- स्टेट कैपिटल योजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- शक्तिपीठ परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- श्री रामलला दर्शन योजना के लिए 35 करोड़ का प्रावधान।
- कुनकुरी में कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- कुनकुरी में कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ का आयोजन किया जाएगा।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति बोरा किया गया।
- देश की अर्थव्यवस्था के लिए पांच ट्रिलियन और 10 ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य रखा है।
- 5 सालों के लिए भारत को तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का टारगेट है।
- आज हमारे छत्तीसगढ़ की जीडीपीएस लगभग 5 लाख करोड़ है, जिसे आने वाले 5 साल में 2028 तक 10 लाख करोड़ करना हमारा महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।
- नई सड़कों के लिए 841 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- रायपुर, बिलासपुर स्मार्ट सिटी के लिए 402 करोड़ का प्रावधान।
- पर्यटन एवं संस्कृति मुख्यमंत्री जन पर्यटन योजना प्रारंभ की जाएगी।
- प्रदेश के पांच शक्तिपीठों के विकास के लिए योजना के लिए 5 करोड़।
- गोंडी भाषा के विकास हेतु 2 करोड़ 50 लाख का प्रावधान।
- आदिभाषाओ के संरक्षण और विकास के लिए प्रावधान।
- संवर्धन से जुड़े कार्यों के क्रियान्वयन के लिए कैम्पा में 1 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान।
- चरण पादुका के लिए 35 करोड़ का प्रावधान।
- हाथी मानव द्वंद से बचाव के लिए रैपिड रिस्पांस टीम के गठन के लिए 20 करोड़ का प्रावधान।

## दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर योजना में सालाना 10 हजार देने की घोषणा

### इस मद के लिए सरकार के बजट में 500 करोड़ का प्रावधान

विष्णु देव सरकार द्वारा कृषि मजदूरों के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना की शुरुआत की जाएगी। जिसके तहत भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रति वर्ष 10,000 रुपये का वार्षिक भुगतान किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान।

प्रदेश के उज्जवल भविष्य के लिए महिलाओं और बच्चों का बेहतर पोषण और विकास के लिए इस बार विष्णु सरकार के बजट में 112 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वर्ष 2024-25 के बजट में 5683 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

ग्रामीण घरों को नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में जल जीवन मिशन के तहत 4,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अयोध्या धाम में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। प्रदेशवासियों को अयोध्या धाम के दर्शन के लिए श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है।

जिसके लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान विष्णु सरकार द्वारा किया गया गया है। इसी प्रकार राज्य के 5 शक्तिपीठों के विकास की विस्तृत योजना बनाने हेतु 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह मोदी की गारंटी के तहत जनता से किये गये वादों को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है ।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में एक लाख 47 हजार 500 करोड़ का बजट पेश किया। छत्तीसगढ़ सरकार के पहले बजट में राज्य की जीडीपी को पांच लाख करोड़ से अगले पांच साल में 10 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सदन में बजट पेश करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी लगभग पांच लाख करोड़ है। इसे आने वाले पांच सालों में वर्ष 2028 तक 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य होगा। यह मध्यावधि लक्ष्य, देश को दुनिया की तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महायज्ञ में हमारा योगदान होगा। वित्त मंत्री ने इसके लिए 10 मौलिक रणनीतिक स्तंभ भी बताए। वहीं, उन्होने कहा कामकाज में तकनीक के इस्तेमाल से सरकारी खजाने की लिकेजों को रोकेंगे।

बजट में वित्तमंत्री ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ एडवाइजरी काउंसिल के गठन की घोषणा की। वहीं, राज्य शासन ने मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को आगामी पांच सालों तक निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

### बजट में मोदी की गारंटियों को पूरा करने का प्रयास

छत्तीसगढ़ के बजट में 'मोदी की गारंटी' वादों को पूरा करने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण के लिए 8,369 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। वहीं, महिलाओं को पोषित,सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना के तहत प्रति वर्ष 12,000 रुपये सहायता का प्रविधान है। कृषक उन्नति योजना के तहत 10,000 करोड़ रुपये इससे 24.72 लाख से अधिक किसानों को लाभ होगा। गत वर्ष की तुलना में दो लाख 30 हजार अधिक किसान लाभान्वित होंगे ।

ग्रामीण घरों को नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 4,500 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को गत वर्ष 4000 प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रु प्रति मानक बोरा भुगतान की घोषणा की गयी। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों को गत वर्ष 7000 प्रति वर्ष से बढ़ाकर 10,000 रुपये वार्षिक भुगतान किया जाएगा, इसके बजट में लिए 500 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना शुरू की जाएगी। बजट में कोई नया कर प्रस्ताव नहीं है और मौजूदा कर दरों में कोई वृद्धि भी नहीं की गई है।

### स्वच्छ भारत के लिए 400 करोड़

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत के लिए कचरा प्रबंधन,सामूहिक सामुदायिक शौचालय के लिए 400 करोड़ का प्रविधान किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नई सड़क बनाने और वर्तमान सड़कों के मरम्मत के लिए 841 करोड़ रुपए का प्रविधान किया गया है।

### श्रीराम लला दर्शन योजना में 35 करोड़ रुपए का प्रावधान

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और श्रीराम लला के प्रति प्रदेश की जनता की अपार आस्था को देखते हुए सरकार ने श्रीराम लला दर्शन योजना मोदी की गारंटी के तहत शुरू की है। इसके लिए इस बजट में 35 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। वहीं, पांच शक्ति पीठ विकसित करने पांच करोड़ का प्रविधान किया है।

## 65 नहीं 200 बच्चों को फ्री यूपीएससी की कोचिंग देगी सरकार

### छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सदन में घोषणा करते हुए कहा है कि यूपीएससी की तैयारी के लिए द्वारिका (दिल्ली में यूथ हॉस्टल) में 65 बच्चों के सीटों को बढ़ाकर अब 200 बच्चों को तैयारी कराने का प्रावधान बजट में किया गया है। छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी है। अब उनके आईएएस बनने का सपना का जल्द पूरा हो सकता है। इसका लाभ उन प्रतिभावान छात्रों को मिलेगा जो यूपीएससी की तैयारी करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपने सपने को साकार नहीं कर पा रहे हैं. इस योजना के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को निशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी दिल्ली में करवाई जाती है. जिसके लिए विद्यार्थियों को फ्री में कोचिंग की सुविधा दी जाती है।

## सुरक्षा के लिए नक्सल क्षेत्र में तैनात जवानों को स्पीक रेजिस्टेंट बूट देने का निर्णय

वित्त मंत्री ने युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित और सम्मान देने का प्रावधान,प्रदेश के बजट में नक्सल सुरक्षा पर भी महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। नक्सल क्षेत्र में तैनात जवानों की सुरक्षा के लिए स्पीक रेजिस्टेंट बूट देने का निर्णय लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवहन विभाग के आयुक्त की जिम्मेदारी आईएएस एस प्रकाश को



### वर्तमान कर्तव्यों के साथ परिवहन आयुक्त की जिम्मेदारी

**रायपुर,09 फरवरी 2024 (ए)।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एस.प्रकाश को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ परिवहन विभाग के आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 5 लाख के एक इनामी सहित 3 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**बीजापुर,09 फरवरी 2024 (ए)।** सुरक्षा बल के संयुक्त प्रयासों से पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर 5 लाख के इनामी नक्सली समेत तीन नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर एवं कोबरा बटालियन के द्वारा किये जा रहे प्रयासों को अच्छा प्रतिफल मिल रहा है। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलीयों में मद्देड़ एरिया कमेटी सदस्य सोमारू ऊर्फ सीनू,जगरगुण्डा एरिया कमेटी अन्तर्गत सिलगेर आरपीसी सीएनएम सदस्य सुक्का ओयाम ऊर्फ कार्तिक और सरिता ओयाम ने आज नए पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ.जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 204 कोबरा रातुल दास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स बीजापुर वैभव बैंकर, द्वितीय कमान अधिकारी कोबरा देवेन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार के समक्ष माओवादियों की खोखली विचारधारा,भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है।

## कैबिनेट की बैठक में लिए गए दो बड़े फैसले

**रायपुर,09 फरवरी 2024(ए)।** आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर के मुख्य समिति कक्ष में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बता दें यह कैबिनेट की बैठक बजट पेश करने के पहले राखी गई थी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के शहर राजिम के वैभव को फिर से स्थापित करने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) की फिर से शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में राजिम माघी पुन्नी मेला के स्थान पर राजिम कुंभ (कल्प) मेला आयोजित करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़



राजिम माघी पुन्नी मेला अधिनियम 2006 को संशोधित करने हेतु ''छत्तीसगढ़ राजिम माघी पुन्नी मेला'' (संशोधन विधेयक 2024) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।राजिम कुंभ (कल्प) की फिर से शुरूआत होने से राजिम मेले की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बढ़ेगी। साथ ही छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।प्रदेश में जल प्रदूषण के निवारण तथा नियंत्रण और जल की शुद्धता बनाए रखने के लिए भारत सरकार द्वारा जल (प्रदूषण का निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2023 के संबंध में विधानसभा में रेजोल्यूशन लाने का निर्णय लिया गया।

## सांसद सुनील सोनी ने लोकसभा में उठाया छत्तीसगढ़ में ट्रेनों के रद्द होने का मुद्दा

**रायपुर,09 फरवरी 2024(ए)।** भारतीय रेलवे द्वारा रेल लाइनों में आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं जिसके चलते छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों को लगातार कैंसिल किया जा रहा है। ट्रेनों के कैंसिल होने से सभी वर्ग के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर रेलवे प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराने के लिए विभिन्न संगठनों ने धरना-प्रदर्शन भी किया लेकिन ट्रेन कैंसिल होने का सिलसिला अब भी जारी है। ट्रेन यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने लोकसभा सत्र के शून्य काल में रेलवे से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया. उन्होंने ट्रेन की लेट लतीफी और रद्द होने वाली गाड़ियों के संबंध में जनता को हो रही परेशानियों का जिक्र किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री से ट्रेनों को समय पर संचालित करने की मांग की.




सुनील सोनी ने कहा कि आजादी के बाद से छत्तीसगढ़ में रेल मंत्रालय को सर्वाधिक राशि करीब 7000 करोड़ प्रधानमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद भी किया. साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में वंदे भारत जैसी ट्रेनों का संचालन एवं निर्माण किया जा रहा है, जो की अत्यंत प्रशंसनीय है. सांसद ने पहले जिन स्टेशनों में स्टॉपेज होता था वहां फिर से स्टॉपेज की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित करने की मांग की. साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में और फास्ट ट्रेनें चालू हों।

## अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल और पैथौलॉजी लैब पर स्वास्थ्य विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**बिलासपुर, 09 फरवरी 2024 (ए)।** प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस की सरकार बदल दी है। सरकार बदलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में व्याप्त कुशासन को समाप्त कर कुशासन के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के निजी क्षेत्र में संचालित समर्थ नर्सिंग हॉस्पिटल एवं अरिहंत पैथौलॉजी लैब की आकस्मिक जांच की। जांच में मिली गंभीर खामियों के चलते अरिहंत पैथोलॉजी को सील कर दिया। वहीं समर्थ नर्सिंग हॉस्पिटल के संचालक को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब तलब किया गया है। न्यू वंदना हास्पिटल पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टीम ने 5 फरवरी को निरीक्षण कर अस्पताल प्रबंधन को खामियों के लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया।





### गंभीर खामियों के चलते अरिहंत पैथोलॉजी को सील कर दिया

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुंगेली रोड स्थित समर्थ नर्सिंग होम एवं नगोई चौक स्थित अरिहंत डायग्नोस्टिक्स का आकस्मिक निरीक्षण किया। दोनों संस्थानों में अनेक खामियां पाई गईं। समर्थ नर्सिंग होम के निरीक्षण के दौरान कोई भी ड्यूटी डॉक्टर कार्य पर नहीं पाए गए। डॉ. नीरू व्ही पटेल निरीक्षण के दौरान स्टाफ के बुलाने पर हाजिर हुईं। अस्पताल में इस दौरान एएनएम अनिमा लकड़ा और जीडीए रीना तिग्गा उपस्थित थीं। जबकि संस्थान में प्रशिक्षित एवं नर्सिंग कौंसिल से पंजीकृत स्टाफ नर्स का होना जरूरी है। जनरल वार्ड में छह बिस्तर संचालित हैं जबकि मानक रूप में इसके लिए जगह उपलब्ध नहीं है। नर्सिंग होम परिसर में डॉ. मृणालिनी का बोर्ड प्रदर्शित होना पाया गया, जबकि इस संबंध में कार्यालय को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई है। इसलिए संचालक को नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा...करे कोई भरे कोई

**रायपुर,09 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 2024-25 के लिए भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार ने आज पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के 1.47 लाख करोड़ के बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के नेताओं ने अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला बताया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं ने इसे ख्याली पुलाव की तरह बताया। सीएम साय ने कहा



कि हमारी सरकार का यह बजट है। यह बजट केवल एक साल का बजट नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला है। यह मौजूदा करो में बिना वृद्धि किए राजस्व बढ़ाने वाला बजट है। यह हमारी सरकार का विजन डाक्यूमेंट भी है। छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह चार क्षेत्रों में फोकस है। इसे हमने ज्ञान नाम दिया है।छत्तीसगढ़ सरकार के पहले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल इंटरनेट मीडिया एक्स पर लिखा कि एक कहावत है, ÷करे कोई भरे कोई÷। यह कहावत आज के छत्तीसगढ़ के बजट पर लागू होती है। चुनाव में गारंटी देकर गए मोदी जी। अब मोदी जी की गारंटी का बोझ इतना है कि छत्तीसगढ़ जैसा छोटा राज्य सह नहीं पा रहा है। बजट के प्रावधान गवाही दे रहे हैं कि मोदी की गारंटी भाजपा सरकार को भारी पड़ रही है। इसकी वजह से बेचारे वित्तमंत्री राज्य के लिए नया कुछ कर ही नहीं पाए। उन्होंने बजट का आकार तो बढ़ा लिया है और राजस्व आधिक्य की बात कर रहे हैं। ये ख्याली पुलाव की तरह ही दिखता है।

## 4 करोड़ का टैक्स मौके पर ही जमा करवाया

**» स्टेट जीएसटी विभाग एक्शन मोड पर**

**» इंफोर्समेंट विंग ने तंबाकू गोदाम में की छापेमारी**

**रायपुर,09 फरवरी 2024(ए)।** स्टेट जीएसटी विभाग के इंफोर्समेंट विंग ने कंधारी ट्रांसपोर्ट, कोरबा, फ्लावर क्वीन रायपुर और लक्ष्मी रूप प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। स्टेट जीएसटी विभाग एक्शन मोड पर दिखाई दे रहा है। स्टेट जीएसटी विभाग कर चोरी करने वाले कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही राजधानी रायपुर में एक



तंबाकू गोदाम पर भी छापेमारी की। इन सभी से कुल 4 करोड़ रुपये का टैक्स मौके पर ही जमा करवाया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है, ताकि अधिक राशि जमा कराई जा सके।

यह कार्रवाई स्टेट जीएसटी आयुक्त रजत बंसल के आदेश पर अपर आयुक्त प्रवर्तन प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में की गई है। स्टेट जीएसटी विभाग के अनुसार कर चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे व्यवसाय में पारदर्शिता बढ़ाई जा सके और राजस्व बढ़ाने के सभी संभावित प्रयासों को जारी रखा जा सके।इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई है।स्टेट जीएसटी विभाग की टीम ने कई करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी है। कुछ प्रतिष्ठानों ने मौके पर ही कुल 4 करोड़ से ज्यादा जीएसटी भरा है। कर चोरी के मामले में छापेमारी से व्यापारियों में दिनभर हड़कंप मचा रहा.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)